# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 16 ■ अंक - 300 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 26 नवम्बर 2025 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# बदमाशों ने बिरयानी दुकान में युवक पर चाकू से किया प्राणघातक हमला

## अपराधियों की खोजबीन के लिए हाथ-पैर मारना बनी पुलिस की नियति

### सीसीटीव्ही में कैद हुए सार्वजनिक स्थल पर दहशत फैलाने वाले





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर में बदमाशों का हौसला बढ़ा हुआ है। आए दिन चाकूबाजी और गैंगवार की स्थिति बन रही है, जिससे सुस्त पुलिसिंग की शहर में चर्चा होने लगी है। लोगों का कहना है कि वारदात के बाद अपराधियों की खोजबीन के लिए हाथ-पैर मारना पुलिस की नियति बन गई है। सोमवार की रात शहर के खरसिया चौक में स्थित बिरयानी दुकान के बाहर आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। युवक अपने दोस्तों के साथ बिरयानी दुकान में गया था। इस दौरान पहुंचे बदमाशों ने युवक के सिर पर 5-6 बार जानलेवा चाकू वार किया। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें सार्वजनिक स्थल पर गुंडागर्दी की घटना का नजारा देखने को मिल रहा है। बिरयानी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गंभीर हालत में युवक का अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक दर्रीपारा निवासी आदर्श साहू 27 वर्ष, दो अन्य दोस्तों अविनाश और साहिल गुप्ता के साथ सोमवार की रात करीब 9.30 बजे खरसिया चौक स्थित जमजम बिरयानी सेंटर गया था। इसी बीच दुकान के बाहर गोलू पठान, साहिल, फैजान, अजमत सहित अन्य पहुंचे और आदर्श को पकड़ कर उसके साथ मारपीट करना शुरु कर दिए। बदमाशों ने चाकू, चाभी से उसके सिर पर 6-7 बार प्रहार किया, अन्य लोग उसके साथ मारपीट कर रहे थे। चाकू के वार से लहूलुहान होकर आदर्श सड़क पर गिर गया, इसके बाद भी वे उसके साथ मारपीट करते रहे। घटना से बिरयानी दुकान व आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। चाकूबाजी के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों के सहयोग से लहूलुहान हाल में आदर्श साहू को बाइक से मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया और घटना की जानकारी युवक के स्वजन को दी। घायल युवक का इलाज जारी है। सिर में चाकू के वार से उसकी हालत गंभीर है। मंगलवार की दोपहर घायल युवक के स्वजन कोतवाली थाना पहुंचकर मामले की प्राथमिकी दर्ज कराए हैं। चाकूबाजी का सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने बरामद कर लिया है, जिसमें आरोपियों का चेहरा स्पष्ट नजर आ रहा है।

### सब्जी मंडी, कंपनी बाजार में भी जमकर मारपीट

शहर के कंपनी बाजार में रुपये के लेनदेन को लेकर सब्जी व्यापारियों के बीच खूनी संघर्ष की स्थिति निर्मित हो गई। घटना मंगलवार की सुबह करीब 11.30 बजे की है। बताया जा रहा है कि आपसी लेन-देन की बात पर सब्जी व्यापारी प्रियांशु गुप्ता सहित अन्य का दर्रीपारा निवासी अजय व विकास साहू सहित अन्य के साथ विवाद शुरू हुआ, जो मारपीट में तब्दील हो गया। देखते ही देखते काफी संख्या में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सब्जी मंडी होने के कारण यहां ग्रामीण क्षेत्र से कृषकों का आना-जाना लगे रहता है, जो मारपीट की बनी स्थिति के कारण दहशत में आ गए। इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और सब्जी व्यापारियों के बीच बनी संघर्ष की स्थिति को शांत कराया। पुलिस दोनों पक्ष के लोगों को लेकर थाना पहुंची है। घटना में सब्जी व्यापारी प्रियांशु सहित कुछ अन्य के जख्मी होने की खबर है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मुलाहिजा और उपचार कराया है। पुलिस की मानें तो मौके पर बलवा की स्थिति निर्मित हो गई थी।

### बारात में गए दुकानदार पर जानलेवा हमला

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड बौरीपारा में स्कूल के पीछे रहने वाले खाद-बीज दुकान के संचालक के साथ सोमवार की रात को मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि अमित कुमार गुप्ता पिता अजय कुमार गुप्ता 24 नवम्बर को रात करीब 9.30 बजे पड़ोस में रहने वाले रामबिलास सिंह के भतीजा के बारात में शामिल होकर होटल सिटी इन जा रहे थे। रास्ते में मिश्रा होटल के बगल में बारात से निकलकर सड़क किनारे लघुशंका के लिए जाते वक्त पड़ोसी विपिन कुमार सिंह पिता रामराज सिंह ने पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी देकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो गला दबाकर हाथ-लात, पत्थर से हमला मारपीट करने लगा, जिससे बारातियों के बीच भगदड़ की स्थिति बन गई। बारात में शामिल लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। घायल युवक ने पुलिस को बताया है कि आरोपी के द्वारा पूर्व में भी उसे और पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी दी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है, और अग्रिम जांच कार्रवाई कर रही है।

# क्यूआर स्केनर कोड में 54 लोगों ने दिया फीडबैक और सुझाव

## रेंज स्तर पर 54 लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा द्वारा 8 अक्टूबर को आम नागरिकों की सुगमता व रेंज पुलिस के कार्यों का फीडबैक लेने हेतु एक डिजिटल क्यूआर स्केनर कोड रेंज के सभी पुलिस कार्यालयों, थाना व चौकियों सहित आम जगहों पर लांच किया गया था। वर्तमान में जिला सरगुजा में 36, सूरजपुर में 45, बलरामपुर में 46, जशपुर में 45, कोरिया में 21 एवं एमसीबी जिला में 32, कुल 225 जगहों पर स्केनर कोड को चस्पा किया गया है।


इसी क्रम में आईजी ने क्यूआर स्केनर कोड के जरिए आम जनता के समस्याओं का त्वरित निराकरण, फीड बैक का माहवार समीक्षा का अवलोकन किया गया, जिसमें रेंज स्तर पर वर्तमान में कुल 54 लोगों के द्वारा फीडबैक व सुझाव प्राप्त हुआ है। इसमें रेंज स्तर पर विभिन्न थाना, चौकियों में जाने के दौरान 48 लोगों द्वारा पुलिस के प्रति आम नागरिकों द्वारा अच्छा व्यवहार करने का फीडबैक मिला। इसी प्रकार थाना व चौकियों की साफ-सफाई के प्रति 50 लोगों ने संतोष जताया। क्यूआर स्केनर कोड का अवलोकन करते हुए पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि डिजिटल स्केनर कोड पर प्राप्त हो रहे आवेदनों पर प्राथमिकता देते हुए कार्य करें एवं आवेदकों की समस्याओं का निराकरण यथाशीघ्र किया जाए।

### इन आवेदकों को पुलिस से मिली राहत, जताया आभार

क्यूआर स्कैनर कोड के माध्यम से जिला सूरजपुर के थाना भटगांव में एक आवेदक द्वारा स्वयं के सीज किए गए ट्रैक्टर के प्रकरण में जानकारी चाही गई थी और आगे की कार्रवाई में विलंब होने के संबंध में आवेदन के जरिए जानकारी दी गई थी, इस पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया। इसी प्रकार थाना प्रतापपुर के एक आवेदिका द्वारा अपने पति के खिलाफ पिता, भाई व जीजा को भड़काने पर पति एफआईआर दर्ज करा दिया था। इसके बाद आवेदिका द्वारा क्यूआर स्केनर कोड के माध्यम से आवेदन पत्र में लेख किया गया कि वह अपने पति के साथ रहना चाहती है। दोनों के बीच समझौता नामा कराने के सुझाव संबंधी आवेदन पत्र पर आईजी कार्यालय द्वारा दूरभाष के माध्यम से संपर्क करके त्वरित वैधानिक कार्रवाई कराने का निर्देश दिया गया। सरगुजा के थाना गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावापारा में अवैध शराब बिक्री करने के संबंध में व थाना कोतवाली के मंगल पाण्डेय वार्ड में ऑटो चालकों द्वारा शाम के समय एकत्र होकर शराब पीने के संबंध में प्राप्त आवेदन पत्र को गंभीरता से लेते हुए रेंज आईजी ने संबंधित थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की एक महिला के प्राप्त सुझाव पत्र में लेख किया गया कि उसके मोबाइल पर बार-बार फ्रॉड काल आ रहे हैं। प्राप्त आवेदन पर जिले के सायबर सेल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करके महिला को सायबर फ्रॉड से बचाया। इस पर महिला ने पुलिस के प्रति क्यूआर स्केनर कोड पोर्टल में आभार व्यक्त किया।


### प्रधान आरक्षक को नकद ईनाम राशि से किया पुरस्कृत

इसी प्रकार जिला एमसीबी से एक आवेदिका द्वारा अपने मोबाइल गुम होने की सूचना क्यूआर स्केनर कोड के जरिए दी। सतत मानीटरिंग कर रहे एमसीबी जिला के सायबर सेल में पदस्थ प्रधान आरक्षक क्रमांक 88 पुष्कल कुमार सिन्हा द्वारा उक्त आवेदन पर अपनी सूझबूझ व तकनीकी का उपयोग करते हुए खोए हुए मोबाइल को चंद घंटों में खोजकर आवेदिका को सौंप दिया। समस्या का त्वरित निराकरण होने पर आवेदिका ने पुलिस के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। उक्त कर्मचारी द्वारा निष्ठापूर्वक कार्य किए जाने पर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सायबर सेल में पदस्थ प्रधान आरक्षक पुष्कल कुमार सिन्हा को 500 रुपये नकद ईनाम राशि से पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा जो भी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों के प्रति एक्टिव होकर कार्य करेंगे व अच्छा फीडबैक प्रदर्शित करने में सफल होंगे उन्हें भी पुरस्कृत किया जाएगा।



### पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने पंकज यादव को दूरभाष पर दी बधाई



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की 2024 की परीक्षा में अंबिकापुर के बौरीपारा निवासी पंकज यादव ने राज्य में 14वां रैंक हासिल कर अंबिकापुर का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस महत्वपूर्ण सफलता पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने दूरभाष पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। पंकज की उपलब्धि न केवल उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है, बल्कि पूरे अंबिकापुर का मान और गर्व भी है। मंत्री ने पंकज से कहा कि आपने अपने माता-पिता, शहर और हम सभी का नाम रोशन किया है। आपके पिता ने कठिन परिस्थितियों में भी आपको पढ़ाया-लिखाया और आपने अथक मेहनत से सफलता हासिल की, इसके लिए आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि माता-पिता के त्याग और संघर्ष को कभी नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि उन्हीं की बदौलत आज आप इस मुकाम पर पहुंचे हैं। मंत्री ने पंकज यादव के माता-पिता को भी विशेष रूप से बधाई प्रेषित की। पंकज यादव के पिता रामेश्वर यादव रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने हेतु ठेला चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि माता रायवती गृहिणी हैं। आर्थिक तंगी और सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने कभी हार नहीं मानी। पंकज ने अपनी प्राथमिक शिक्षा मल्टीपरपज स्कूल अंबिकापुर से की और बीएससी कंप्यूटर व एमएससी की पढ़ाई क्रमश: साईं बाबा कॉलेज और पीजी कॉलेज से पूरी की है। पंकज यादव बीते छह वर्षों से लगातार सीजीपीएससी परीक्षा की तैयारी में जुटे थे। कई प्रयासों के बाद अब जाकर उन्हें सफलता मिली। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता की कठिन मेहनत, त्याग और धैर्य को दिया। स्थानीय लोगों ने पंकज को 'संघर्ष और संकल्प का प्रतीक' बताया है, जिसका उदाहरण आने वाली पीढ़ियां लेंगी।

# विशेष राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं को नाम कटवाने दिया गया अभयदान

## टीएस ने कहा-दूषित मतदाता सूचि में सुधार आवश्यक, लेकिन सारी जवाबदेही मतदाता पर डालना गलत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मतदाता सूचियों के गहन पुनरिक्षण को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सहप्रभारी जरीता लैतफलांग ने संयुक्त रुप से समीक्षा बैठक की। बैठक में एसआईआर को लेकर लोकसभा, विधानसभा एवं ब्लॉक प्रभारी एवं सहप्रभारी सहित कांग्रेस के सभी सांगठनिक ब्लॉक के अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि इस बात में कोई शक नहीं है कि मतदाता सूचि दूषित है, उसमें सुधार आवश्यक हैं, लेकिन इसके सुधार की सारी जवाबदेही मतदाता पर डाल देना और पूरी कारवाई आनन-फानन में करना गलत है। गणना प्रपत्र को भरने में मतदाताओं को कई प्रक्रियागत परेशानियां आ रही हैं। इससे उन्हें निजात मिलना चाहिए और पूरी प्रक्रिया के लिए अतिरिक्त समय देना चाहिए। उन्होंने सूत्रों से प्राप्त जानकारी को साझा करते हुए कहा कि अंदर ही अंदर यह प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है कि चिन्हांकित लोगों का नाम मतदाता सूचि में न जुड़े। एक राजनैतिक दल विशेष को यह निर्देश दिया गया है कि विशेष लोगों का नाम न जुड़े। उन्होंने कहा कि उस विशेष राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं को विशेष संरक्षण देते हुए यह अभयदान दिया गया है कि आप नाम कटवाईये ऊपर अपने लोग बैठे हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सहप्रभारी जरीता लैतफलांग विगत 2 दिनों से सरगुजा संभाग के दौरे पर हैं। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि, वे सोमवार को कोरिया जिला रवाना होते कुछ धान खरीदी केन्द्रों पर एसआईआर की प्रक्रिया और गणना प्रपत्रों के वितरण को लेकर वहां मौजूद किसानों से चर्चा की थी तब यह जानकारी मिली कि गणना प्रपत्र उनके घरों तक पहुंचा ही नहीं है। धान कटाई में व्यस्त रहने के कारण किसान संबंधित बीएलओ से अपने गणना प्रपत्रों के लिए संपर्क भी नहीं कर पाए हैं। कई किसानों ने एसआईआर की पूरी प्रक्रिया से अनभिज्ञता जाहिर किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से ऐसे सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूचि में जोड़ना सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उन्होंने क्रमवार सभी प्रभारियों से एसआईआर पर उनका फीडबैक प्राप्त किया।



### सभी वरिष्ठ नेताओं को उनके बूथ की जिम्मेदारी दी गई

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने सरगुजा जिले के सभी प्रमुख कांग्रेस नेताओं को उनके बूथ पर एसआईआर प्रक्रिया की जिम्मेदारी दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एसआईआर की प्रक्रिया में पार्टी कार्यकर्ताओं की भागीदारी को और पुख्ता करने के लिए वरिष्ठ नेताओं को उनसे संबंधित बूथ की जवाबदेही दी है। इसके तहत पूर्व उपमुख्यमंत्री अंबिकापुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 128 का कार्य देखेंगे। इसी प्रकार पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत सीतापुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 195 का कार्य देखेंगे। आदित्येश्वर शरण सिंहदेव केशवपुर में बूथ क्रमांक 28, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की बूथ क्रमांक 46, अजय अग्रवाल बूथ क्रमांक 156, जेपी श्रीवास्तव बूथ क्रमांक 87, शफी अहमद बूथ क्रमांक 111, द्वितेन्द्र मिश्रा बूथ क्रमांक 95, हेमंत सिन्हा बूथ क्रमांक 89 की जवाबदेही देखेंगे। पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम लुंड्रा विधानसभा के बूथ क्रमांक 95 और पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता बूथ क्रमांक 168 क पर एसआईआर का कार्य देखेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक स्वयं अंबिकापुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 119 का काम देखेंगे।

### 14 दिसंबर को कांग्रेस की बड़ी रैली

बैठक के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने जानकारी दी कि 14 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी 'वोट चोर गद्दी छोड़' चरणबद्ध आन्दोलन के तहत दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली करने जा रही है। इस दौरान अभियान के तहत पूरे देश के करोड़ों मतदाताओं से हस्ताक्षर कराकर एकत्र किया गया मांग पत्र राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा।




## कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्र बलरामपुर का किया निरीक्षण

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने धान उपार्जन केंद्र बलरामपुर का निरीक्षण किया और धान खरीदी व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने बलरामपुर के धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत चल रही धान खरीदी प्रक्रिया का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र में किसानों के पंजीयन, टोकन, धान की गुणवत्ता परीक्षण, तौलाई, डेनेज आदि की जानकारी लेकर व्यवस्थाओं को और अधिक सुचारू रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले में धान खरीदी शासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने केंद्र में किसानों से भी चर्चा कर खरीदी प्रक्रिया, टोकन व्यवस्था एवं सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक, तौल कर्मी, हमाल दल तथा उपार्जन केंद्र के अन्य कर्मचारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य करने और धान की गुणवत्ता परीक्षण में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी एवं भंडारण से संबंधित सभी गतिविधियों की सतत निगरानी रखने पर जोर दिया।

गौरतलब है कि कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के निर्देशन एवं सर्व अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि किसी भी किसान को कोई समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# खरीदी केंद्रों में किसानों को मिले बेहतर सुविधाएं : कलेक्टर

**☆ कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक ☆ धान खरीदी, शासन की प्रमुख योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की**



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने चल रही धान खरीदी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले के उपार्जन केंद्रों में किसानों की दैनिक आवक, तुलाई की प्रगति, परिवहन व्यवस्था, बारदाना उपलब्धता तथा स्टॉक प्रबंधन की स्थिति की अद्यतन जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी समितियों में धान खरीदी का कार्य सुचारु रूप से करने के निर्देश दिए, ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और तौलाई, भुगतान, परिवहन तथा भंडारण संबंधी सभी प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी तथा समयबद्ध रूप से संचालित रहे। उन्होंने धान खरीदी से संबंधित सभी अधिकारियों को प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त ड्रेनेज व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने सभी अनुभागीय राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षा की तिथि घोषित हो चुकी है, अतः सामाजिक कार्यक्रमों में उपयोग होने वाले साउंड सिस्टम से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। इसके लिए सभी साउंड सिस्टम संचालकों की बैठक लेकर संज्ञान में लाए साथ ही निर्देशों का पालन नहीं करने पर आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की विकासखंडवार समीक्षा कर निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों की स्थिति का जानकारी ली तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने रबी फसल हेतु खाद-बीज वितरण की स्थिति, पेयजल आपूर्ति की प्रगति एवं स्वीकृत निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट, आवारा पशु नियंत्रण तथा अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। साथ ही शहरी क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की समस्या पर भी विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने मनरेगा, पीएम जनमन आवास, स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान एवं वय वंदन कार्ड वितरण, क्रेडा विभाग, जल जीवन मिशन, जाति प्रमाण पत्र, समय-सीमा एवं जनदर्शन प्रकरण तथा हाईकोर्ट में लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने आगामी तातापानी महोत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि तातापानी महोत्सव जिले का प्रमुख आयोजन है, इसलिए संबंधित विभागों को सौंपे गए दायित्वों का समय-सीमा में पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करें।

### जनदर्शन में आमजनों की सुनी गई समस्याएं

समय-सीमा की बैठक पश्चात् जनदर्शन का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा। जनदर्शन में आमजनों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुन सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

बैठक में वनमण्डलाधिकारी आलोक वाजपेयी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, चेतन बोरघरिया, प्रमोद गुप्ता, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रेलर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर जयनगर थाना से महज कुछ ही फर्लांग दूर ट्रेलर चालक ने बुलेट वाहन सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया है। दुर्घटना में युवक के बाएं पैर दो हिस्से में बंट गया है। गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर शांतिनगर निवासी सब्जी विक्रेता प्रेमचंद केशरवानी का 25 वर्षीय पुत्र नीतीश केशरवानी उर्फ विक्की मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीवी 8727 में बिश्रामपुर की ओर से जयनगर की ओर जा रहा था। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर जयनगर थाना से महज कुछ ही फर्लांग दूर टीवीएस मोटर साइकिल शो रूम के समीप बिश्रामपुर की ओर जा रहे अज्ञात ट्रेलर वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बुलेट मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मारकर फरार हो गया है।



दुर्घटना में युवक के बाएं पैर के घुटने के पास दो भाग में पैर अलग हो गए हैं। युवक को गंभीर अवस्था में जयनगर पुलिस की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया है। जयनगर पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात ट्रेलर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# एनएच के अंधे मोड़ पर बढ़ रहा खतरा, युकां अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर ग्राम पंचायत संजयनगर स्थित अंधे मोड़ पर बढ़ते दुर्घटना के खतरे और आएदिन हो रही मौतों के मद्देनजर ढाबा के सड़क किनारे स्थित शेड को हटवाने युकां विधानसभा अध्यक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।



कलेक्टर को दिए ज्ञापन में युकां भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार ने उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत संजयनगर में एनएच 43 पर स्थित पिलखा ढाबा के संचालक द्वारा सड़क के बिल्कुल किनारे, वह भी अंधे मोड़ पर ढाबा और लोहे-टिन का शेड खड़ा कर दिया गया है। इस निर्माण के कारण मोड़ से आ रही वाहनों की दृश्यता पूरी तरह बाधित हो जाती है, जिससे छोटे-बड़े वाहन चालकों को सामने से आने वाला ट्रैफिक दिखता ही नहीं है। जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का सिलसिला और कई जानलेवा हादसे होते रहते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेखित है कि पिछले कई वर्षों से यह मोड़ दुर्घटनाओं का ब्लैक स्पॉट बन चुका है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक यहां से गुजरते समय दहशत में रहते हैं। कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है।ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि ढाबा संचालक ने राष्ट्रीय राजमार्ग व शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से शेड निर्माण किया है। वह भी ऐसे स्थान पर जहां सड़क अत्यंत संकरी और मोड़ खतरनाक है। ऐसे में ट्रक, बस और तेज रफ्तार के छोटे वाहन अक्सर मोड़ पर अचानक सामने आ जाते हैं और मार्ग के किनारे बने शेड और ढाबे की वजह से ड्राइवरों को अतिरिक्त स्थान भी नहीं मिलता, जिससे वाहन नियंत्रित न रहने की स्थिति बन जाती हैं। ज्ञापन में कलेक्टर से जनहित में तत्काल कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग व सरकारी भूमि पर किए गए इस अतिक्रमण को हटवाया जाने की मांग की गई है, ताकि आगे होने वाली दुर्घटनाओं और संभावित मौतों पर रोक लगाई जा सके।

# गुणवत्ता अभियान पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में दिलाई गई शपथ

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल में इस वर्ष गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा एक नए उत्साह और व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया जा रहा है। 20 नवंबर से शुरू हुआ यह अभियान 5 दिसंबर तक चलेगा, जिसके तहत खदान क्षेत्रों से लेकर प्रशिक्षण केंद्रों तक हर जगह गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश निरंतर दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बिश्रामपुर क्षेत्र पूरी सक्रियता के साथ इस अभियान को सफल बनाने पहल की जा रही है। पखवाड़े के दौरान कई रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन में स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, गुणवत्ता जागरूकता कार्यशालाएं चलाई जा रही है। मंगलवार को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र बिश्रामपुर में आयोजित विशेष सत्र में अधिकारी, कर्मचारी और कर्मी शामिल हुए। उपस्थित जनों को गुणवत्ता के महत्व, कोयले के मानकों और राष्ट्रीय आर्थिक विकास में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सत्र में बार-बार इस बात पर जोर दिया गया कि उत्पाद में गुणवत्ता सिर्फ कंपनी की विश्वसनीयता नहीं बढ़ाती, बल्कि देश के औद्योगिक ढांचे को मजबूत करने का आधार भी बनती है।क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह एवं गुणवत्ता विभाग की पूरी टीम लगातार सभी खदानों का दौरा कर रही है।




वे गुणवत्ता संबंधी मापदंडों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और कर्मचारियों को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से प्राप्त गुणवत्ता प्रतिज्ञा को दोहराने और उसे ईमानदारी से पालन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# पहाड़गांव में खोखनिया बांध पर शुरू हुई बोटिंग की सुविधा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन में ग्राम पंचायत पहाड़गांव में बोटिंग सुविधा शुरू की गई है। पहाड़ों के बीच स्थित यह खूबसूरत झील जो खोखनिया बांध निर्माण से बनी है, अपने शांत वातावरण और मनोरम दृश्यों की वजह से तेजी से लोगों को आकर्षित कर रही है। एनएच 43 पर ग्राम पंचायत सिलफिली के समीप बना यह पर्यटन स्थल प्राकृतिक सौंदर्य के कारण लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि पर्यटन विकास के लिए यहां सभी सुविधाओं का विस्तार किया जाए।पहाड़गांव में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए कलेक्टर ने यहां सभी आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कहा है कि बोटिंग शुरू होने से स्थानीय लोगों को मनोरंजन की एक नई सुविधा मिली है और आगे पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। प्रशासन का लक्ष्य है कि पहाड़ों और झील के सुंदर प्राकृतिक परिवेश को संरक्षित रखते हुए इसे आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन सुविधाओं के विस्तार से न केवल जिले की पहचान बढ़ेगी बल्कि स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। गौरतलब है कि यहां महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बोटिंग का संचालन किया जा रहा है, जो महिलाओ की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला खनिज संस्थान न्यास मद से नौका विहार संचालन हेतु ग्राम पंचायत पहाड़गांव के मुस्कान महिला स्व-सहायता समूह को 6 सीटर मोटर बोट और 4 सीटर पैडल बोट प्रदान किए गए हैं। नाव संचालन की शुरुआत 20 नवंबर से किया गया है, जिसके पूर्व समूह की महिलाओं को नाव संचालन का प्रशिक्षण भी दिया गया। नौका विहार के शुरू होने से न केवल पर्यटकों में उत्साह है बल्कि संचालनकर्ता महिला समूह में भी उमंग है। पर्यटकों के बढ़ने से अब तक समूह को बोटिंग संचालन से 9100 की आय प्राप्त हुई है।



समूह की अध्यक्ष सुनीता सिंह ने बताया कि यह शुरुआत निश्चित रूप से महिला सशक्तिकरण के लिए बड़ा अवसर है और जिले में पर्यटन विकास के लिए भी सराहनीय कदम है।

# एसईसीएल अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट हेतु टीम चयन ट्रायल 28 को

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में खेलों को प्रोत्साहन देने और प्रतिभाओं को मंच देने की कड़ी में एक बार फिर रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारी शुरू हो चुकी है। क्षेत्रीय कार्मिक विभाग के अनुसार एसईसीएल अंतर-क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के लिए टीम चयन हेतु महत्वपूर्ण ट्रायल 28 नवंबर शुक्रवार को स्थानीय एकता स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस वर्ष की अंतर-क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 11 दिसंबर से 18 दिसंबर तक बिरसिंहपुर पाली स्थित बिरासनी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसमें एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की टीमें हिस्सा लेंगी। बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम के लिए खिलाड़ियों की अंतिम सूची 5 दिसंबर तक भेजी जानी है, जिसके लिए यह ट्रायल बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी ट्रायल को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधन ने सभी इच्छुक कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों से अपील की है कि निर्धारित समय पर पहुंचकर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर बिश्रामपुर क्षेत्र की मजबूत टीम बनाने में योगदान दें।

# महिलाओं हेतु विशेष प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 28 नवम्बर को

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि 28 नवम्बर को प्रात: 11 बजे से जनपद पंचायत बलरामपुर के सभाकक्ष में योकोहामा कंपनी के द्वारा 500 पद (स्थायी जॉब, केवल महिला अभ्यर्थी) की पूर्ति के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन वर्तमान में ई-रोजगार पोर्टल पर ऑनलाईन मेला/प्लेसमेंट कैम्प क्रिएट कर किया जा रहा है, इसमें अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए जीवित/अपडेट रोजगार पंजीयन होना अनिवार्य है। जिन महिला आवेदकों का वर्तमान में जीवित रोजगार पंजीयन नहीं हुआ है, वो ऑनलाईन रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प में आवेदन हेतु ई-रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओव्ही डॉट ईन/सीजी रोजगार ऐप के माध्यम से पहले रोजगार पंजीयन करना सुनिश्चित करें, तत्पश्चात मेला/प्लेसमेंट कैम्प हेतु उपलब्ध कराये गए लिंक में जाकर, रोजगार पंजीयन के आधार पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं या प्लेसमेंट कैंप में 28 नवम्बर 2025 को आवेदन कर सकते हैं। रोजगार पंजीयन हेतु आधार क्रमांक तथा आधार से जोड़ा गया पंजीकृत मोबाईल नंबर अनिवार्य है। पंजीयन में समस्या हेतु दूरभाष नंबर 9685672368 पर संपर्क कर सकते हैं। इस प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने हेतु निर्धारित दिनांक एवं स्थल में अपने अभिभावकों सहित उपस्थित हो सकते हैं, जिससे नियोजक एवं अभ्यर्थियों/अभिभावकों के मध्य विस्तृत चर्चा कर इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार से जोड़ा जा सके।

# धान खरीदी व्यवस्था सुव्यवस्थित करने नवीन टोकन व्यवस्था

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राज्य शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी प्रणाली को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किए जाने हेतु इस वर्ष टोकन जारी करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल तथा किसान हितैषी बनाया गया है। किसानों की सुविधा के लिए नवीन टोकन व्यवस्था लागू करते हुए निर्धारित पात्रता के आधार पर टोकन जारी किए जा रहे हैं।

शासन द्वारा जारी व्यवस्था के अनुसार 2 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को अधिकतम 1 टोकन, 2 से 10 एकड़ तक के कृषकों को अधिकतम 2 टोकन तथा 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को अधिकतम 3 टोकन की पात्रता निर्धारित की गई है।


किसानों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने टोकन तुहर ऐप की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसके माध्यम से कुल उपलब्ध टोकनों में से 80 प्रतिशत टोकन लघु एवं सीमांत किसानों के लिए तथा 20 प्रतिशत टोकन दीर्घ किसानों के लिए आरक्षित किए गए हैं। किसान अपनी सुविधानुसार ऐप में लॉगिन कर निर्धारित मानदंडों के अनुसार टोकन प्राप्त कर सकते हैं। किसानों द्वारा आवेदन करने की तिथि से अगले सात खरीदी दिवस तक का टोकन जारी किया जा सकता है। समितियों के माध्यम से टोकन वितरण रविवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन प्रात: 9रू30 बजे से सायं 5:00 बजे तक किया जा रहा है। वहीं टोकन तुहर ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त करने की सुविधा प्रतिदिन प्रात: 8रू00 बजे से सायं 5रू00 बजे तक उपलब्ध है।

जिले के किसानों से अपील है कि वे नवीन टोकन व्यवस्था का लाभ उठाते हुए अपने निर्धारित समय में ही धान लेकर खरीदी केंद्र पहुंचे। शासन-प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं, जिससे खरीदी प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और किसानों के हित में संचालित हो।

# पंकज यादव की उपलब्धि राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणा:राजेश अग्रवाल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने सीजीपीएससी 2024 की परीक्षा में 14वीं रैंक हासिल करने वाले अंबिकापुर के पंकज यादव को दूरभाष पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं।छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की 2024 की परीक्षा में अंबिकापुर के बौरीपारा निवासी पंकज यादव ने राज्य में 14वीं रैंक हासिल कर अंबिकापुर का गौरव बढ़ाया है।उनकी इस महत्वपूर्ण सफलता पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने दूरभाष पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री अग्रवाल ने कहा कि पंकज की उपलब्धि न केवल उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है, बल्कि पूरे अंबिकापुर का मान और गर्व भी है। मंत्री श्री अग्रवाल ने पंकज से कहा कि आपने अपने माता-पिता का, शहर का और हम सभी का नाम रोशन किया है। आपके पिता ने कठिन परिस्थितियों में भी आपको पढ़ाया-लिखाया और आपने अथक मेहनत से सफलता हासिल की, इसके लिए आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि माता-पिता के त्याग और संघर्ष को कभी नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि उन्हीं की बदौलत आज आप इस मुकाम पर पहुंचे हैं। मंत्री श्री अग्रवाल ने पंकज यादव के माता-पिता को भी विशेष रूप से बधाई प्रेषित की। पंकज यादव के पिता रामेश्वर यादव रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने हेतु ठेला चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि माता रायवती गृहिणी हैं। आर्थिक तंगी और सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने कभी हार नहीं मानी। पंकज ने बताया कि उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा मल्टीपरपज स्कूल अंबिकापुर से की और बीएससी कंप्यूटर व एमएससी की पढ़ाई क्रमशः साईं बाबा कॉलेज और पीजी कॉलेज से पूरी की है। पंकज यादव बीते छह वर्षों से लगातार सीजीपीएससी परीक्षा की तैयारी में जुटे थे। कई प्रयासों के बाद अब जाकर उन्हें सफलता मिली। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता की कठिन मेहनत, त्याग और धैर्य को दिया। पंकज ने कहा कि उनके माता-पिता का आशीर्वाद और प्रेरणा ही इस सफलता का आधार रही है। इस सफलता से पूरे परिवार और अंबिकापुर शहर में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों ने पंकज को ह्लसंघर्ष और संकल्प का प्रतीकह्व बताया है, जिसका उदाहरण आने वाली पीढ़ियां लेंगी।



# पीएम सूर्यघर से बैकुंठपुर निवासी शीतल गुप्ता का घर हुआ रोशन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर।केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना से कोरिया जिले के बैकुंठपुर निवासी श्री शीतल गुप्ता का घर रोशन हुआ है। वे इस योजना का लाभ लेकर अपने घर का ऊर्जा बचत और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ा है। पीएम सूर्यघर योजना के हितग्राही श्री गुप्ता बताते हैं कि उन्हें इस योजना की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से मिली। योजना के बारे में विस्तार से जानने के बाद वे निकटतम बिजली कार्यालय पहुँचे और वहां आवश्यक प्रक्रिया समझकर आवेदन किया। उन्होंने अपने घर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया, जिसके लिए उन्हें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से ऋण भी सहज रूप से उपलब्ध हो गया। सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार से मिलने वाली 78 हजार रुपए की सब्सिडी उन्हें समय पर प्राप्त हो गई। श्री गुप्ता का कहना है कि इस योजना से जुड़कर उन्हें अब महंगे बिजली बिलों से छुटकारा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, वे इसे एक ऐसा कदम मानते हैं जो न केवल परिवार पर आर्थिक बोझ कम करेगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा।पीएम सूर्यघर योजना के माध्यम से शीतल गुप्ता जैसे लाभार्थी अब स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्जा की ओर बढ़ते नए भारत के प्रतीक बनते जा रहे हैं।



# जलभराव क्षेत्र निर्माण कार्य से ग्रामीणों के जीवन में हुआ उल्लेखनीय परिवर्तन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर।मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले के ग्राम पंचायत मुसरा के ग्राम पूटाडांड में मनरेगा अंतर्गत किए गए सामुदायिक जलभराव क्षेत्र निर्माण कार्य ने ग्रामीणों के जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। लंबे समय से यहां के किसान वर्षा-आधारित खेती पर निर्भर थे और पानी की कमी, पथरीली भूमि तथा अनियमित वर्षा के कारण उनकी फसल उत्पादन क्षमता लगातार प्रभावित हो रही थी। खेती की अनिश्चितता के चलते ग्रामीणों की आजीविका भी चुनौतीपूर्ण होती जा रही थी। गांव के किसानों और ग्रामीणों की लगातार मांग पर ग्राम सभा ने इस कार्य को प्राथमिकता दी और प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजा। तकनीकी परीक्षण और योजना निर्माण के बाद ग्राम पंचायत मुसरा द्वारा 8.49 लाख रुपये की लागत से जलभराव क्षेत्र का निर्माण कराया गया। इस संरचना ने गांव में जल संरक्षण का नया द्वार खोला- खेतों तक पानी पहुँचने लगा, फसल उत्पादन में सुधार हुआ और ग्रामीणों के बीच आजीविका के प्रति नया भरोसा विकसित हुआ। परियोजना पूर्ण होने के बाद ग्राम पूटाडांड के किसानों ने पहली बार लगभग 7 एकड़ भूमि में उत्कृष्ट धान उत्पादन प्राप्त किया। संरक्षित जल ने खरीफ फसल को समय पर सिंचाई उपलब्ध कराई, जिससे उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। पहले जहाँ किसान सिंचाई के अभाव में फसल बचाने के लिए चिंतित रहते थे, वहीं अब वे आत्मविश्वास के साथ रबी फसल की भी तैयारी कर रहे हैं। गांव में कृषि गतिविधियों की निरंतरता बढ़ी है और खेती अब अधिक टिकाऊ एवं लाभदायक बनी है। यह जलभराव संरचना सिर्फ खेती तक सीमित नहीं रही- ग्रामीणों के पशुधन के लिए पेयजल उपलब्ध हो रहा है। गर्मी के दिनों में जल संकट काफी हद तक कम हुआ है। खेतों में नमी टिकने से भूमि की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। मनरेगा के माध्यम से निर्माण चरण में स्थानीय रोजगार भी सुनिश्चित हुआ। इससे ग्राम में कृषि उत्पादकता, आजीविका सुरक्षा और सामाजिक सहयोग तीनों में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

# झालखम्हरिया में कमारडेरा तक सड़क निर्माण,बढ़ा विकास का दायरा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर।महासमुंद जिले के पिछड़े और आदिवासी बाहुल्य विलुप्त प्रजाति कमार परिवारों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए ग्राम झालखम्हरिया में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत स्वीकृत विकास परियोजनाएँ ग्राम के भविष्य को नई दिशा दे रही हैं। इन्हीं परियोजनाओं में से एक है 83 लाख रुपए की लागत से बनी टी-01 झालखम्हरिया से कमारडेरा तक 1.60 किमी सड़क, जिससे ग्रामीण जीवन में परिवर्तन की झलक दिखाई दे रहा है।



गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान का उद्देश्य दूरस्थ, निर्जन और मूलभूत सुविधाओं से वंचित आदिवासी गांवों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाओं से जोड़ना है। इस अभियान के माध्यम से कमार जैसे विलुप्तप्राय समुदायों तक विकास का लाभ सीधे पहुंच रहा है।

पहले मुख्य मार्ग से कटा यह पारा अब 2-3 आसपास के गांवों से सड़क मार्ग द्वारा जुड़ चुका है। इससे शादी-विवाह, धार्मिक आयोजन और मेला-मंडई में भागीदारी बढ़ेगी। गांवों के बीच सामाजिक संपर्क मजबूत होगा। सड़क बनने से गांव के बच्चों और युवाओं को अब प्राथमिक, माध्यमिक और महाविद्यालय तक पहुँचने में सहुलियत हो रही है। वर्षा ऋतु में भी अब स्कूल-कॉलेज जाना संभव हो रहा है। जिससे शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों में रुचि बढ़ी है। पहले स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचना कठिन था, परंतु अब गर्भवती महिलाओं को प्रसूति सुविधा समय पर मिल पाएगी। बीमार व्यक्तियों को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने में आसानी होगी। मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी आने की संभावना बढ़ी है। टीकाकरण और स्वास्थ्य अभियान अब गांव तक सहज पहुँच पा रहे हैं। किसानों को कृषि उपज एवं दुग्ध उत्पादन तथा अन्य दैनिक वस्तुओं के लेनदेन के लिए मुख्यालय तक ले जाने के लिए आवागमन की सुविधा आसान हो गया है, जिससे ग्रामीण व्यापार एवं कुटीर उद्योग में वृद्धि हो सकेगी। कमारडेरा के अतिरिक्त आसपास के अन्य ग्रामों के कृषि उपज, दुग्ध उत्पादन, मछली पालन तथा मजदूरी करने के लिए ग्रामवासियों को आवागमन की सुविधा मिलने से ग्राम में आर्थिक समृद्धि आएगी। शासन की कल्याणकारी योजनाएं अब गांव में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। कमारपारा निवासी श्री रामसिंह कमार बताते है कि गांव में सड़क न होने के कारण रोजमर्रा के कार्य कठिन हो जाते थे। बच्चों को स्कूल भेजना, फसल बाजार तक पहुँचाना और मरीजों का अस्पताल जाना चुनौतीपूर्ण था। बारिश के समय हालात और भी खराब हो जाते थे। पीएम जनमन योजना की पक्की सड़क ने गाँव को मुख्य मार्ग से जोड़ दिया है। अब स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुँचना आसान और सुरक्षित हो गया है। किसान अपनी फसल आसानी से बाजार तक ले जा सकते हैं। सड़क ने हमारे जीवन में सुधार और सुविधा लाने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे जीवन पहले से अधिक सुगम हो गया है।

## गिट्टी और मौरंग से भरी बोरी में युवक का शव भरकर नाले में फेंका, दो दिन से था लापता

संवाददाता

लखनऊ। निगोहां के बांक नाले में सोमवार को गिट्टी और मौरंग से भरी बोरियों में युवक का शव भर फेंका गया, ताकि शव नाले में ऊपर न आ सके। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव बाहर निकाला। शव के गले पर कसाव के निशान थे। अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) दक्षिणी आर वसंत कुमार ने बताया कि शव शिनाख्त मोहनलालगंज निवासी अमित के रूप में की। दो दिन से लापता था, लेकिन गुमशुदगी नहीं दर्ज करवाई थी। एडीसीपी ने बताया कि ग्रामीणों ने नाले में युवक का शव पड़ा देखा, तो डायल-112 पर सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस के साथ ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव के साथ भरी हुईं दो बोरियां बंधी हुईं थी। पुलिस ने बोरियां खुलवाईं तो उसमें गिट्टी और मौरंग भरी हुई थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। लोगों ने बताया कि युवक के गले पर कसाव का निशान भी था। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की है कि युवक की गला कसकर हत्या की गयी। उसके बाद शव को छिपाने के लिए दो बोरियों में गिट्टी-मौरंग भरकर बांधने के बाद बांक नाले फेंक दिया गया। फोटो और सूचना इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित की गई तो मोहनलालगंज के राधाकृष्ण खेड़ा निवासी प्रेम और बेचा ने अपने भाई अमित के रूप में शिनाख्त की। पीड़ित भाइयों ने बताया कि अमित शनिवार से लापता था। दोनों भाई उसे खोज रहे थे, लेकिन कुछ पता नहीं चला था। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि अमित नशे का आदी था। अक्सर नशे की हालत में घर से गायब हो जाता था। इसके बाद खुद ही लौट आता था। पुलिस ने परिजन से बात की तो उन्होंने किसी पर आरोप नहीं लगाया। पुलिस रंजिश, लेनदेन और आशनाई समेत सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## यूपी में 2500 प्रगतिशील किसानों को मिलेगा गैप सर्टिफिकेशन ट्रेनिंग, उत्पादों की फूड सेफ्टी और हाइजीन पर होगा फोकस

संवाददाता

लखनऊ।प्रदेश में आम के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 2500 प्रगतिशील किसानों को गुड एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज (गैप) का सर्टिफिकेशन प्रशिक्षणय दिलाया जाएगा। अपर मुख्य मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा ने इस संबंध में निर्देश दिए हैं। सोमवार को विभागीय बैठक में बीएल मीणा ने कह कि प्रदेश के आमों की वैश्विक मांग को देखते हुए इंडी गैप सर्टिफिकेशन कार्यक्रम दो चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण में प्रगतिशील किसानों, किसान उत्पादक संगठनों और निर्यातकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें प्रसंस्करण आधारित उत्पादों की फूड सेफ्टी एवं हाइजीन पर विशेष जोर रहेगा। द्वितीय चरण में चयनित किसान उत्पादक संगठनों के सहयोग से प्रगतिशील किसानों के प्रक्षेत्रों पर माडल फार्म स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि उद्योग नीति-2023 के लाभार्थियों, संरक्षित खेती करने वाले किसानों और आम उत्पादकों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ा जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान लाभांवित हों। सभी उप निदेशक उद्यान एवं जनपदीय उद्यान अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में प्रगतिशील किसानों और किसान उत्पादक संगठनों की सूची तैयार कर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकतम प्रतिभाग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।



## 'हर हिंदू परिवार में कम-से-कम दो बच्चे जरूरी', दत्तात्रेय होसबाले बोले- देश में घोषित हो जनसंख्या नीति

संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने सोमवार को मर्चेंट्स चैंबर सभागार में मातृशक्ति सम्मेलन में कहा कि देश में हर हिंदू परिवार में न्यूनतम दो बच्चे आवश्यक हैं। उन्होंने देश में जनसंख्या नीति घोषित किए जाने की मांग की। कहा कि जनसंख्या नियंत्रण सबके लिए एक सा होना चाहिए। यह किसी एक वर्ग पर लागू हो और दूसरे पर नहीं, ऐसा नहीं होना चाहिए। सम्मेलन में उन्होंने संघ के सौ वर्षों के कार्यों का उल्लेख किया व जनसंख्या नियंत्रण पर खुलकर बात की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में लाल किले से जनसंख्या नीति की घोषणा की थी और हो सकता है कि आने वाले समय में इसे लागू भी करें। उन्होंने कहा कि आबादी को लेकर जो अध्ययन हुआ है, उसमें यह बात आई है कि परिवार में दो से अधिक बच्चे होने चाहिए। कई राज्यों में हिंदू परिवारों में एक ही बच्चा है। दो बच्चे परिवार व देश के भविष्य के लिए जरूरी हैं। अगर परिवार में एक ही बच्चा हुआ तो सेना में कौन जाएगा। महिलाओं को लेकर उन्होंने कहा कि वे जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। हालांकि, भद्दे विज्ञापन के रूप में महिलाओं का कामर्शियल प्रयोग समाज पर असर डालता है। कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि महिलाओं को आधुनिक नहीं होना चाहिए। पुरुषों को भी महिलाओं के विकास और उनकी स्वतंत्रता में बाधा नहीं बनना चाहिए। संघ में महिलाओं की भूमिका को भी उन्होंने स्पष्ट कर कहा कि इसके लिए राष्ट्र सेविका समिति है। लड़कियां या महिलाएं शाखा में नहीं जातीं, लेकिन वे प्रचार विभाग, संपर्क विभाग, सेवा बस्ती में काम करती हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गावाहिनी भी है। कहा कि सिर्फ हिंदुत्व, गोरक्षा व अनुच्छेद 370 हटवाने के लिए ही आरएसएस नहीं है। संघ की 100 वर्ष की सफल यात्रा में गृहस्थ कार्यकताओं की बड़ी भूमिका है। संघ के कार्य को कार्यकर्ता कर पाए, इसका मुख्य कारण परिवार की माता-बहनें हैं। उन्होंने प्रवास के दूसरे व अंतिम दिन जिला तथा उससे ऊपर के स्वयंसेवकों की बैठक में पंच परिवर्तन के विषय को समाज में पहुंचाने की योजना दी। कहा कि पंच परिवर्तन को आधार बनाकर कार्य करने से ही समाज तथा राष्ट्र का उत्थान संभव है।



## विश्व हिंदू परिषद का भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम, अयोध्या धाम हेतु भक्तों का प्रस्थान




संवाददाता

लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा रहीमाबाद स्थित जिला कार्यालय में विशेष आध्यात्मिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सोमवार को माल, मलिहाबाद एवं काकोरी प्रखंडों से श्रीराम मंदिर, श्री अयोध्या धाम द्वारा आमंत्रित बंधुओं का अनुशासित एकत्रीकरण सम्पन्न हुआ। सभी आमंत्रित बंधु श्रद्धा, उत्साह और भक्ति-भाव से ओत-प्रोत होकर अयोध्या धाम के दर्शन एवं धर्म-ध्वजा प्रतिस्थापन अनुष्ठान हेतु बस द्वारा रवाना हुए।

प्रस्थान करने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में रायबरेली विभाग मंत्री भूपेंद्र हिंदू, जिला उपाध्यक्ष बेचा लाल, हिंदू जागरण मंच संयोजक संतोष सिंह तिलन, जिला सह मंत्री सुनील, जिला सह सुरक्षा प्रमुख रवि राजपूत, जिला सेवा प्रमुख डॉ. शिवकुमार, मलिहाबाद प्रखंड अध्यक्ष अनिल शर्मा, सुनील शर्मा, प्रखंड सहसंयोजक अर्पित सोनी, प्रखंड सह मंत्री सुखबीर, माल प्रखंड मंत्री चंद्रशेखर, सुशील गुप्ता, के एल दुबे, अनूप गुप्ता सहित दर्जनों लोग अपना सहयोग दिया।

## नशे में धुत युवक ने विवाहिता के साथ किया जबरन दुष्कर्म,मुकदमा दर्ज

### मां के शोर मचाने से बेटे ने पड़ोस के लोगों को दी जानकारी,पड़ोसी के साथ हाथापाई करके भाग आरोपी

संवाददाता

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर बाद नशे में धुत गांव के ही एक युवक ने एक मजदूर के घर में घुसकर उसकी 40 वर्षीय विवाहिता के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। बाद में धमकी देकर मौके से फरार हो गया। शाम को घर पहुंचे पति को पीड़िता ने आप बीती बताई। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाले मजदूर के मुताबिक शनिवार को वह काम पर गया था। जबकि उसकी 40 वर्षीया पत्नी और 12 वर्षीय बेटा घर पर था। आरोप है कि इसी दौरान दोपहर बाद करीब 3 बजे नशे में धुत पीड़िता के घर पहुंचे गांव के प्रदीप कुमार ने महिला को डरा धमका कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। इस दौरान महिला ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर बेटे ने पड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी दी। जानकारी पाकर पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ हाथापाई की और मौका पाकर किसी से बताने पर पीड़ित महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। देर शाम जब पीड़िता का पति घर पहुंचा, तब महिला ने उसे आप बीती बताई। जिसके बाद वह अपनी पत्नी को लेकर बंथरा थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। फिलहाल पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर रविवार को महिला का चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## बंद घरों के ताले तोड़ चोर उड़ा ले गए समान पुलिस की लापरवाही पर उठे सवाल

संवाददाता

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के पुरसेनी स्थित डीएलएफ गार्डन सिटी टाउनशिप में एक बार फिर चोरों ने बेखौफ होकर धावा बोल दिया। कॉलोनी के दो बंद घरों का ताला तोड़कर चोर कीमती सामान और नगदी ले उड़े। सोमवार सुबह घटना का खुलासा होते ही कॉलोनी में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन जांच और आश्वासनों की वही पुरानी कहानी दोहराई गई। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड ने औपचारिकता निभाते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया।



### कॉलोनी में नौवीं चोरी एक भी खुलासा नहीं, लोगों में दहशत और नाराजगी चरम पर......

गार्डन सिटी कॉलोनी में बंद घरों में चोरी की यह नौवीं घटना है। लगातार चोरियां होने के बावजूद पुलिस एक भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। यही कारण है कि कॉलोनीवासियों में आक्रोश और असुरक्षा की भावना तेजी से बढ़ रही है।

### रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी का घर भी नहीं बख्शा......

कॉलोनी के सचिव अशोक त्रिपाठी ने बताया कि बिहार निवासी प्रमोद कुमार शर्मा, जो भारतीय वायुसेना से रिटायर्ड हैं, चार दिन पहले परिवार सहित बिहार गए थे। सोमवार सुबह उनका मुख्य दरवाजा टूटा मिला। चोर कमरे में घुसकर अलमारी तोड़कर कीमती सामान और नकदी लेकर फरार हो गए।दूसरा घर भी निशाना अवधेश यादव के घर से भी अलमारी साफ इसी कॉलोनी में चोरों ने अवधेश यादव के घर में भी उसी तरीके से अलमारी तोड़कर कीमती सामान और कैश चोरी कर लिया। चोरी के समय वह अपने घर सोनभद्र गए हुए थे।

### मोहनलालगंज पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

इंस्पेक्टर डीके सिंह का कहना है कि घर मालिकों के लौटने के बाद उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस हर बार की तरह जल्द खुलासा करने का दावा कर रही है।लेकिन कॉलोनीवासियों का कहना है कि खुलासा करने का दावा पुलिस हर चोरी के बाद करती है, पर आज तक एक भी मामला सुलझा नहीं।डीएलएफ गार्डन सिटी समिति के सदस्यों का आरोप है कि पिछली कई चोरियों में सीसीटीवी फुटेज में चोरों के चेहरे साफ दिखाई देने के बावजूद पुलिस आज तक कार्रवाई नहीं कर सकी।कुछ दिन पहले समिति के लोग पुलिस कमिश्नर से मिलकर सुरक्षा की गुहार लगा चुके हैं, जिसके बाद एसीपी विकास पाण्डेय ने कॉलोनी में सुरक्षा बैठक कर चौराहे से लेकर गलियों तक सुरक्षा बढ़ाने का वायदा किया था। लेकिन ताबड़तोड़ हो रही चोरियां साबित कर रही हैं कि जमीन पर सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ कागजों तक सीमित है।

### कॉलोनीवासियों का सवाल आखिर कब पकड़े जाएंगे ये चोर

लगातार हो रही वारदातों से गार्डन सिटी के निवासी दहशत में हैं और पुलिस की लापरवाही पर खुलकर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि सुरक्षा वादों के बावजूद चोरी की घटनाएँ रुकने का नाम नहीं ले रहीं, जिससे यह साफ है कि चोरों का हौसला पुलिस की नाकामी के कारण और बढ़ रहा है।कॉलोनीवासियों ने दो टूक कहा है कि अगर पुलिस की नींद न खुली तो किसी बड़े हादसे का इंतजार करना पड़ सकता है।

**सम्पादकीय**

# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए लेना होगा संकल्प

ज्ञान के मामले में प्राचीन भारत विश्व गुरु था। दुनियाभर से लोग हमारे यहां ज्ञान अर्जित करने आते थे। इसीलिए भारत को विश्वगुरु भी कहा गया, लेकिन अनेक आक्रांताओं को महान भारत का यह प्रभाव रास नहीं आया। हजारों साल तक आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। हमें गुलामी में जीना पड़ा। धार्मिक स्थलों को नष्ट किया गया। जबरदस्ती धर्मांतरण हुए। हमारे संस्कार, संस्कृति को नष्ट करने पर भरपूर प्रयास किए गए। एक के बाद एक लूट की वारदातें हुई। इसके बाद अंग्रेजों ने 200 साल तक राज किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय संसाधनों का जमकर दोहन किया, वहीं नागरिकों का जमकर शोषण किया। अंग्रेजों ने खूब लूटा। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ कि ब्रिटेन ने 1765 से 1900 के बीच एक शताब्दी से अधिक समय के औपनिवेशिक काल के दौरान भारत से 64,820 अरब अमेरिकी डॉलर की रकम निकाली और इसमें से 33,800 अरब डॉलर देश के सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों के पास गए। यह आंकड़ा सिर्फ 135 साल में निकाले गए पैसों का है और केवल वही है, जो रिकार्ड में दर्ज है। इसके अलावा बड़ी रकम है जो कहीं लिखी ही नहीं की गई, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सही कहा है कि हम विश्व गुरु बन सकते हैं। वो वैभव के दिन नहीं रहे, लेकिन आक्रमण के दिन भी चले गए। अब हम राममंदिर पर झंडा फहरा रहे हैं। अंतरिक्ष में नई छलांग लगा रहे हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था हैं। अब एक बार फिर हम विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ रहे हैं। विश्व गुरु बनने की चर्चा ज्ञान, विज्ञान, और संस्कृति के आधार पर होती है। इसका लक्ष्य ज्ञान का प्रकाश फैलाना, आधुनिकता के साथ प्राचीन मूल्यों को जोड़ना और 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर आधारित विश्व का मार्गदर्शन करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना, कौशल विकास, उद्यमिता, और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। कुछ लोग मानते हैं कि भारत पहले से ही विश्व गुरु था और यह प्रक्रिया केवल दोबारा उसे प्राप्त करने की है, जबकि कुछ का मानना है कि इसे संकल्प के रूप में साकार करने की आवश्यकता है। यह सही है कि मत अलग- अलग हो सकते हैं, लेकिन पूरे देश का लक्ष्य एक है। विश्व गुरु बनने से पहले सबसे ज्यादा जरूरी है कि शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाए। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना और शिक्षा प्रणाली में सुधार करना बहुत जरूरी है। सरकार ने नई शिक्षा नीति से आगाज किया है, लेकिन इसका लाभ सबको मिले, इसके लिए प्रयास करने की जरूरत है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना। नवाचार से ही दुनिया में विकास का डंका बजाया जा सकता है। दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने के लिए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और किसी भी प्रकार के भेदभाव को खत्म करना होगा। यह विकास में सबसे बड़ी बाधा है। हम एक मिसाल कायम कर सकते हैं कि कैसे आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए भी खुद को बेतुके पश्चिमीकरण से बचाया जा सकता है। अगर हम ऐसा करने में कामयाब रहे तो वो दिन दूर नहीं, जब पूरी दुनिया में हमारा डंका बजेगा और एक बार फिर हम विश्व गुरु होंगे।



जन्म शताब्दी वर्ष


अजय कुमार श्रॉफ

श्री सत्य साई बाबा ने 14 वर्ष की आयु में ही 'सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित हैं। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया।

# प्रेम व करुणा के अवतार थे सत्य साई बाबा

श्री सत्य साई बाबा का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। उनका जन्म 23 नवंबर 1926 को वेंकप्पा राजू और ईश्वरम्मा के घर पुट्टपर्थी नामक गांव में हुआ था। 14 वर्ष की आयु में ही उन्होंने ' सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। सत्य साईं बाबा का असली नाम रत्नाकरम सत्यनारायण राजू था। उनके जीवन और करिश्मों को देखकर उनके भक्तों का मानना है कि वे शिरडी साईं बाबा के दूसरे अवतार थे। बताया जाता है कि साल 1940 में जब सत्यनारायण राजू 14 साल के थे, उन्हें एक बिच्छू ने काट लिया। इसके बाद वे कई घंटे बेहोश रहे। जब होश आया, तो उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी थी। अचानक वे संस्कृत में बोलने लगे, जो उन्होंने कभी पढ़ा या सुना भी नहीं था। इसके कुछ समय बाद उन्होंने अपने परिवार को चौंकाते हुए हवा में मिठाई और फूल निकाल कर दिखाए। उनके पिता इस पर बहुत गुस्सा हुए और उन्होंने सीधे सच पूछ लिया, तभी सत्य साईं ने कहा कि वे शिरडी साईं बाबा के अवतार हैं।

श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 24 अप्रैल 2011 को भगवान बाबा की महासमाधि के बाद 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। जैसा कि श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास दोहराते हैं कि यह सत्य साई बाबा की दिव्य इच्छा ही थी जो अंततः उन्हें और सत्य साई संजीवनी को देश के इस हिस्से में ले आई। फिर भी, स्थान चुनने से लेकर विशेषज्ञता एवं हर चरण में बाबा ने उनका मार्गदर्शन किया। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह जानकर खुशी होती है कि इस अस्पतालों में लगभग 4 लाख मरीज परामर्श के लिए आ चुके हैं और 38,000 से ज्यादा सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क सर्जरी की जा चुकी हैं। सत्य साई संजीवनी दुनिया भर में छत्तीसगढ़ की पहचान बन गयी है। इसने राज्य की पूरी तस्वीर ही बदल दी है। भारत के समस्त राज्यों के बाल हृदय रोगी इलाज के लिए राजधानी और महानगरों की बजाय रायपुर आ रहे हैं। यह 'उलटा रुझान' अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है। डॉ. सी. श्रीनिवास का कहना है कि इस अस्पताल से स्वस्थ हुए बच्चे हृदय के आकार के अस्पताल को देखते ही उछल पड़ते हैं और खुशी से ' यूरेका... यूरेका ' कहते हैं, तो मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है । यही वह अस्पताल है जहां मुझे दूसरा जीवन यानी संजीवनी मिली थी। इस कथन का कोई पर्याय नहीं है। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में दिन की शुरुआत दैनिक प्रार्थना से होती है और जीवन का उपहार के साथ समाप्त होती है। दैनिक प्रार्थना में, हम सभी मरीजों की लंबी आयु और शीघ्र छुट्टी के लिए प्रार्थना करते हैं। हमारे ऑपरेशन थिएटरों में, हमने लिखा है कि 'साई ही सर्जन' हैं। इसका तात्पर्य है कि हम सब कुछ अपने पूज्य भगवान श्री सत्य साई बाबा को समर्पण करते हैं। हमारी सर्जरी का सफलता दर वाकई सराहनीय है और इस का श्रेय हमारी मेडिकल नर्सिंग और सर्जिकल टीमों के अथक और दृढ़ प्रयास को जाता है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सी राजेश्वरी का नाम उल्लेख करना अत्यंत



प्रासंगिक होगा। वे भगवान बाबा के आह्वान पर अमेरिका में अपनी प्रतिष्ठित नौकरी और शानदार करियर छोड़कर भारत आईं। वास्तव में, उन्होंने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा की क्रांतिकारी अवधारणा की नींव रखी। जैसा कि कहा जाता है, ' इतिहास खुद को दोहराता है '। डॉ. श्रीनिवास अपनी माताश्री डॉ. सी राजेश्वरी के निःशुल्क सेवा मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। सत्य साई संजीवनी महज एक अस्पताल नहीं बल्कि आरोग्य का मंदिर है। यहां कोई लेन-देन नहीं होता, केवल सकारात्मक परिवर्तन होता है। बिना कैश काउंटर वाले अस्पताल का जादुई टैग दिल के मरीजों की सबसे पहली पसंद है। निःशुल्क सर्जरी की भविष्य से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न के उत्तर में डॉ. श्रीनिवास कहते हैं कि हम निःशुल्क सर्जरी नहीं करते बल्कि यह निःशुल्क सेवा है। बाबा सेवा को निःस्वार्थ, अहंकार रहित, अभिमान रहित क्रिया कहते हैं। निःशुल्क सेवा का व्यक्ति और समाज पर चिरस्थायी प्रभाव पड़ता है। सत्य साई बाबा स्वयं गुरु हैं। हम मात्र साधन हैं और केवल उनकी इच्छा से निर्देशित होते हैं। उनका मिशन हमारे साथ भी और हमारे बिना भी जारी रहेगा। सच तो यह है कि नवा रायपुर केंद्र ने मानव जाति की शानदार सेवा के 13 वर्ष पूरे कर लिए हैं। डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि यह पैसा नहीं बल्कि लाखों जरूरतमंद लोगों का दृष्टिकोण और शुद्ध सद्भावना है जो हमें आगे बढ़ाती है। नवा रायपुर केंद्र में शताब्दी समारोह की शुरुआत पवित्र साई माह नवंबर के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अस्पताल आगमन से हुई। सौभाग्यम के गर्भगृह में मरीजों से बातचीत करते हुए, उन्होंने भगवान बाबा के परोपकारी कार्यों का बखान किया। उन्होंने संजीवनी को प्रेम और करुणा का केंद्र बताया। वास्तव में सत्य साई संजीवनी अस्पताल विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत में सराहनीय योगदान दिया है। समाज, संस्था और सरकार का संगम संजीवनी में होता है। हमारा लक्ष्य वंचितों तक पहुंचकर उनकी सेवा करना है।

हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ भारत का पहला बाल हृदय मुक्त राज्य बने। 13 वर्षों की सेवा के बाद, हमने महसूस किया है कि रायपुर में भारत की बाल हृदय राजधानी बनने की भी क्षमता है। भगवान के सपने भगवान की दिव्य इच्छा के कारण आते हैं। सत्य साई संजीवनी की वसुधैव कुटुंबकम से लेकर सभी को प्यार करो, सभी को सेवा दो से लेकर समस्त लोकाः सुखिनो भवन्तु तक की यात्रा में; वहां केवल प्यार है। प्यार ही प्यार को जन्म देता है। बता दें कि साल 1944 में साई बाबा के भक्तों ने उनके लिए एक मंदिर बनवाया। साल 1948 में पुट्टपर्ती में एक बड़ा आश्रम बना, जिसे प्रशांति निलयम कहा गया। यही उनके जीवन का मुख्य केंद्र बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को पुट्टपर्थी का दौरा किया था, जिसे 'शक्तिस्वरूपिणी दिवस' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई बाबा प्रेम और करुणा के अवतार थे। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि 140 देशों के लाखों भक्त उनकी महासमाधि के बाद भी निःस्वार्थ सेवा के उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। यह उनके अद्वितीय व्यक्तित्व का परिचायक है। एसएआई का अर्थ है सेवा, आराधना और ज्ञान। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया। उनके पावन 100वें जन्म दिवस पर आइए हम मन, वचन और कर्म से मानवता की सेवा करने का संकल्प लें। यदि हम उनके मिशन के माध्यम बन सकें, तो यही दिव्य गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

**शहीद दिवस**

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# सनातन संस्कति की रक्षा में समर्पित रहे गुरु तेग बहादुर

सिक्खों के नौवें गुरु के रूप में विख्यात तेग बहादुर जोकि गुरु हरगोबिंद के सबसे छोटे पुत्र थे, को 1664 ई. में गुरु नियुक्त किया गया। सिख धर्म का प्रचार करने के लिए इन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया। गुरु तेग बहादुर का संपूर्ण जीवन मानवीय मूल्यों और हिंदू धर्म की रक्षा हेतु समर्पित था। हिंद की चादर, भारत का कवच इन उपाधियों से गुरुजी पूरे भारतवर्ष में विख्यात थे। गुरु तेग बहादुर के समय क्रूर अत्याचारी मुगल सम्राट औरंगजेब के अत्याचार अपने चरम पर थे। तलवार के बल पर पैशाची औरंगजेब के लिए बाध्य कर रहा था। ऐसी विकट परिस्थितियों में कश्मीरी पंडितों का एक समूह गुरु तेग बहादुर के पास हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गया। दया, शनं करुणा शौर्य की प्रतिमूर्ति गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों के आग्रह को स्वीकार करके औरंगजेब से टकराने का संकल्प किया। गुरु तेग बहादुर की ख्याति उस समय चारों तरफ थी।


औरंगजेब को जब इस बात का पता चला तो उसने गुरु तेग को अनेक प्रकार से डराने व धमकाने का प्रयास किया। दृढ़ ईश्वर विश्वासी, न्याय प्रिय, करुणा, दया और शौर्य के पुंज तेग बहादुर अपने निर्णय पर अडिग रहे और उन्होंने औरंगजेब द्वारा चलाए जा रहे धर्मांतरण का व्यापक विरोध किया। औरंगजेब ने गुरू बहादुर को झुकाने के लिए उनके साथी भाई मतिदास को आरे से चिरवाया, भाई दयाला को उबलते पानी में फेंक दिया गया, गुरु तेग बहादुर के साथी भाई सती दास को जिंदा जलवा दिया गया। ये सभी मार्मिक हृदय विदीर्ण कर देने वाली भयानक घटनाएं गुरु तेग बहादुर के सामने घटित



हुई, फिर भी हिंदू संस्कृति और धर्म के संरक्षक तेग बहादुर अपने दृढ़ निश्चय से विचलित नहीं हुए। औरंगजेब ने गुरु जी को इस्लाम धर्म स्वीकार करने के लिए मजबूर किया परंतु वह उनके संकल्प और साहस को परास्त नहीं कर सका। औरंगजेब ने गुरु जी के आगे दो शर्तें रखीं कि वे इस्लाम और मृत्यु में से किसी एक का चुनाव कर लें। हिंदू धर्म की रक्षा हेतु इस महान योद्धा ने मृत्यु को चुना पर आततायी औरंगजेब के आगे नतमस्तक नहीं हुए। गुरुजी अंतिम सांस तक धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ते रहे। 24 नवंबर 1675 को सिख धर्म के इस महान योद्धा ने दिल्ली के चांदनी चौक पर अपना शीश भी बलिदान कर दिया। दिल्ली का शीशगंज गुरुद्वारा नौ ऐतिहासिक गुरुद्वारों में से एक माना जाता है, यहीं पर गुरुजी ने अपना शीश बलिदान किया था। उनके शरीर को उनके शिष्य आनंदपुर साहिब ले गए, जहां आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब स्थित है। सिख धर्म के यह दोनों पवित्र स्थान आज भी गुरु तेग बहादुर के सर्वोच्च बलिदान के साक्षी हैं। गुरु तेग बहादुर युद्धशास्त्र, धर्मशास्त्र के मर्मज्ञ थे। युद्ध में उनकी तलवार (तेग) चलाने की कुशलता को देखकर ही उनके पिता ने उनका नाम तेग बहादुर रखा। 1665 से 1675 तक अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में गुरु तेग बहादुर सिख धर्म के प्रचार और हिंदू धर्म की रक्षा में सदैव तत्पर रहे। गुरुजी के उपदेशों का संग्रह गुरु ग्रंथ साहिब में किया गया है। उन्होंने 700 से अधिक श्लोक लिखे हैं जिन्में ईश्वर, जीवन, मृत्यु और मुक्ति जैसे गहन आध्यात्मिक विषयों पर अपना स्वर्णिम चिंतन प्रस्तुत किया है। गुरु तेग ने केवल न्याय प्रिय मानवाधिकारों के रक्षक तथा बहादुर महान योद्धा थे बल्कि वह आध्यात्मिक चिंतक भी थे। पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में गुरुजी मानव जीवन का लक्ष्य इंगित करते हुए लिखते हैं कि - गुरु गोविन्द गायो नहीं, जनम अकारन कीन। कहो नानक हर भज मना, जहे बिद जल को मीन। अर्थात मनुष्य जीवन प्राप्त करके जिसने श्रेष्ठ गुरु और ईश्वर का आश्रय नहीं लिया उसका जीवन वैसे ही व्यर्थ है जैसे बिना जल के मछली का। मनुष्य को परमार्थ चिंतन के लिए सचेत करते हुए गुरुजी लिखते हैं कि- 'बिरद पयो सूजै नहीं, काल पहुँचियो आन। कहो नानक नर बावरे, क्यों न भजै भगवान।' अर्थात बुढ़ापा आने पर तथा मृत्यु निकट आने पर भी वे मनुष्य पागल हैं जो ईश्वर का भजन नहीं करते। गुरु तेग बहादुर महान निडर, दयावान योद्धा होने के साथ-साथ आध्यात्मिक एवं दार्शनिक चिंतक थे। सर्वोत्तम बलिदान के प्रतीक तेग बहादुर की शौर्य गाथा सिख समाज और हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए प्रेरणा पुंज के समान है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम




संकलित

**दर्शन**

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं,

जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

## गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है



संकलित

**प्रेरणा**

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम

है, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सब कुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**वायु प्रदूषण प्राणी जाति के लिए खतरा**

दिल्ली और अन्य कुछ राज्यों में बढ़ता वायु प्रदूषण चिंता का विषय बन गया है। कुछ राज्यों में सुबह-सुबह ही शुद्ध साफ-सुथरी हवा के समय प्रदूषित हवा से सामना करना पड़ता है। यहां सुबह की सैर भी अब खतरे से खाली नहीं है। लेकिन सवाल तो यह है कि देश में केंद्र और राज्यों में पर्यावरण विभाग हैं, इसमें मंत्री और अफसरों और अन्य कर्मचारियों को करोड़ों का वेतन और भत्ते भी दिए जाते हैं और आमजन से ग्रीन टैक्स, और न जाने पर्यावरण संरक्षण के लिए टैक्स किसी न किसी रूप में वसूला जाता है लेकिन फिर भी देश में प्रदूषण को रोकने के लिए गंभीरता से काम नहीं किया जा रहा है। क्यों नहीं यह चुनाव में वैसा मुद्दा बनता है जैसे आरक्षण, जातिवाद, धर्म आदि के मसले मुद्दे बन जाते हैं। *-वरुण झा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

**जापान से साझेदारी**



जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ सार्थक बैठक हुई। हमने नवाचार, रक्षा, प्रतिभा गतिशीलता आदि क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति देने के उपायों पर चर्चा की। एक बेहतर ग्रह के लिए भारत-जापान की मजबूत साझेदारी जरूरी है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**सिंधी समाज का हक**



भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सिंधी समाज के हक और उनकी अधिकार के पक्ष में खड़ी रही है। सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने 1957 में पहला गैर-सरकारी विधेयक पेश कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

**देशभर में अफरा-तफरी**



एसआईआर के नाम पर देशभर में अफरा-तफरी मचा रखी है। भारत दुनिया के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर बनाता है, मगर भारत का चुनाव आयोग आज भी कागजों का जंगल खड़ा करने पर ही अड़ा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

**प्रदूषण नियंत्रण**



271 वाटर स्प्रिंकलर्स लगातार 24 घंटे दिल्ली की सड़कों पर लगभग 1 लाख लीटर ट्रीटेड पानी का छिड़काव कर रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण के लिए हर मोर्चे पर हमारी टीमें ऑन-ग्राउंड एक्शन में हैं और पूरी तत्परता से कार्य कर रही है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



## करंट अफेयर

# दुनिया ने जलवायु परिवर्तन की बाजी हारी, तापमान बढ़ा

दस साल पहले दुनिया के नेताओं ने एक ऐतिहासिक दांव लगाया था। वर्ष 2015 के पेरिस समझौते का उद्देश्य मानवता को जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों से बचाने के रास्ते पर लाना था। एक दशक बाद, ब्राजील के बेलेम में आयोजित जलवायु सम्मेलन के बिना निर्णायक कार्रवाई के समाप्त होने के बाद, हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मानवता यह दांव हार चुकी है। तापमान वृद्धि 1.5° डिग्री सेल्सियस से अधिक होने वाली है। दुनिया और भी अशांत और खतरनाक होती जा रही है। तो, असफलता के बाद क्या होता है? इस प्रश्न का उत्तर देने के हमारे प्रयास ने इस वर्ष की शुरुआत में हैम्बर्ग में एक बैठक के लिए अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ



हम काम करते हैं - को एकत्रित किया। इस सवाल का जवाब ढूंढने की हमारी कोशिश ने इस साल की शुरुआत में हैम्बर्ग में अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ हम काम करते हैं- की एक बैठक बुलाई। महीनों के गहन विचार-विमर्श के बाद, इस सप्ताह इसके निष्कर्ष प्रकाशित हुए, जिसमें यह परिणाम निकाला गया कि मानवता 'सीमाओं से परे जी रही है'। 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर चरम जलवायु घटनाएं, जैसे सूखा, बाढ़, आग और गर्म लहरों की संख्या बढ़ती हैं।

## ऑफ बीट

# क्या कौए सचमुच चतुर और बुद्धिमान होते हैं?


यह कोई रहस्य नहीं है कि कौए उल्लेखनीय संज्ञानात्मक क्षमताओं से संपन्न होते हैं। इंटरनेट कौए की आवाज की नकल करने या दिमाग लगाने



वाले जटिल गेम को हल करने के वीडियो से भरा पड़ा है। लेकिन क्या ये पक्षी उतने ही बुद्धिमान हैं जितना उन्हें समझा जाता है? कठोर आवरणयुक्त फल तोड़ने वाली पहेली। कौए में बेहतर बुद्धि की अवधारणा का समर्थन करने के लिए सबसे अधिक उद्धृत अध्ययनों में से एक कौए द्वारा फल के कठोर आवरण युक्त फल (नट) को तोड़ने के लिए कारों का इस्तेमाल करना है। 1978 में, कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने देखा कि अमेरिकी कौए सड़क पर अखरोट फेंकते थे, फिर उनके किसी कार से कुचले जाने का इंतजार करते थे और फिर टूटे हुए फल खाते थे। हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि जब कोई कार आ रही थी तो कौए अपने आवरणयुक्त फल सड़क पर नहीं फेंकते थे। इसके अलावा अध्ययन किए गए 200 मामलों में से, शोधकर्ताओं ने कभी भी किसी कार को किसी फल के आवरण को कुचलते हुए नहीं देखा। इससे पता चला कि यह सिद्धांत कि कौए जानबूझकर कार को अखरोट तोड़ने के रूप में उपयोग कर रहे थे, वास्तव में गलत था।

## खबर संक्षेप

### चारधाम यात्रा का आज होगा समापन



देहरादून। बदरीनाथ धाम के कपाट मंगलवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा का औपचारिक समापन हो जाएगा। मंगलवार अपराह्न दो बजकर 56 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल हेतु बंद कर दिए जाएंगे।

### गलत रनवे पर उतरा अफगान का विमान

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब काबुल से आ रहा एरियाना अफगान एयरलाइन का एक विमान गलती से उस रनवे पर उतर गया, जहां से एक अन्य विमान उड़ान भर रहा था। नियामक ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। एरियाना अफगान एयरलाइन के ए310 विमान, जिसकी उड़ान संख्या एफजी-311 (काबुल-दिल्ली) थी, को रनवे 29-एल पर उतरने की अनुमति दी गई थी।

### चोकसी के खिलाफ ईडी ने लौटाए चार फ्लैट



नई दिल्ली। ईडी ने कहा कि उसने फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत कुर्क किए गए मुंबई के चार फ्लैट आधिकारिक परिसमापक को लौटा दिए हैं। ये संपत्तियां पश्चिमी महानगर के बोरीवली (पूर्व) में दत्तापाड़ा रोड स्थित ऊर्जा-ए विंग, प्रोजेक्ट तत्व में स्थित हैं।

### दिल्ली में घर से काम करेंगे 50 फीसदी स्टॉफ

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते पलूशन के कारण ग्रैप के तीसरे चरण के अनुसार दिल्ली सरकार के सभी कार्यालय और प्राइवेट दफ्तर 50 फीसदी स्टॉफ के साथ काम करेंगे।

## 30 दिन में 3 वर्ल्ड कप

# बेटियों ने अब कबड्डी में देश का नाम किया रोशन



नई दिल्ली,

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपै को 35-28 से हराकर लगातार दूसरा विश्व कप खिताब जीत लिया। भारत 11 देशों के टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहा। बांग्लादेश के ढाका में महिला कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल भारत और चीनी ताइपे के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में भारत ने चीनी ताइपे को 35-28 के स्कोर से हरा दिया। पिछले 30 दिन के भीतर भारत की बेटियों ने 3 वर्ल्ड कप जीत लिए हैं। सबसे पहले भारत की महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसके बाद ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया। बता दें कि भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरी बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारत ने ग्रुप चरण के सभी चार मैचों में जीत हासिल कर और सेमीफाइनल में ईरान को 33-21 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। उनके प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे भी खिताबी मुकाबले में अपराजित थे और उन्होंने मेजबान बांग्लादेश को 25-18 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

### पीएम मोदी-शाह ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, भारतीय महिला कबड्डी टीम को विश्व कप 2025 जीतकर देश को गौरवान्वित करने के लिए बधाई। उन्होंने जबर्दस्त कौशल, प्रतिबद्धता और दृढता का प्रदर्शन किया। उनकी जीत से अनगिनत युवाओं को कबड्डी खेलने, बड़े सपने देखने और ऊंचे लक्ष्य तय करने की प्रेरणा मिलेगी। गृहमंत्री अमित शाह ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा,' हमारी महिला कबड्डी टीम ने इतिहास रचा, जो गर्व का पल है। पूरी टीम को महिला कबड्डी विश्व कप जीतने पर बधाई।

### भारत की बेटियों ने जीते 3 वर्ल्ड कप

भारत की बेटियां इस वक्त पूरे देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले 30 दिन के भीतर भारत की बेटियों ने 3 वर्ल्ड कप जीत लिए हैं। सबसे पहले भारत की महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसके बाद ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया। उन्होंने फाइनल में नेपाल को 7 विकेट से हराया और ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब कोलंबो में जीता। पहली बार ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था। इसके बाद भारत की महिला कबड्डी टीम ने भी वर्ल्ड कप जीत लिया है।

## दो हादसों में 11 की गई जान

# दो बसों की आमने-सामने टक्कर, 6 यात्रियों की मौत



नई दिल्ली,

तमिलनाडु और उत्तराखंड में दो बस हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई। तमिलनाडु में तेनकासी जिले के इदैकल के पास सोमवार को दो निजी बसों की आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा तब हुआ जब आमने-सामने से आ रहीं दो निजी बसों की टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि एक बस मदुरै से सेनकोट्टई, जबकि दूसरी तेनकासी से कोविलपट्टी/शंकरनकोविल जा रही थी।

### पांच श्रद्धालुओं की मौत, 13 अन्य घायल

उत्तराखंड के टिहरी जिले के नरेन्द्रनगर क्षेत्र में कुंजापुरी मंदिर के पास सोमवार को एक बस के खाई में गिरने से उसमें सवार पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य घायल हो गए। टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं का दल सोमवार सुबह ऋषिकेश के दयानंद आश्रम से कुंजापुरी दर्शन के लिए पहुंचा था।

# साय का केंद्र से आग्रह- सेंट्रल पूल में चावल का कोटा बढ़ाएं और धान खरीदी का खर्च दें

## केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पासवान से साय ने की मुलाकात

नई दिल्ली,

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री चिराग पासवान से उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ से जुड़े अनेक जनहित विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान धान खरीदी, केंद्रीय पूल का कोटा बढ़ाने और राज्य के व्यय की प्रतिपूर्ति की बकाया राशि भुगतान शीघ्र दिलाने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने विशेष रूप से राज्य में खाद्य सुरक्षा, कृषि-आधारित उद्योगों और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि नेशनल इंस्टिट्यूट



ऑफ फूड टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट संस्थान की स्थापना छत्तीसगढ़ में की जाए, ताकि राज्य के युवाओं को आधुनिक खाद्य तकनीक, उद्यमिता तथा नए रोजगारों से संबंधित उच्चस्तरीय प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा, कृषि की दृष्टि से छत्तीसगढ़ एक मजबूत राज्य है और यहां ऐसे ▶▶|शेष पेज 5 पर

### फूड इर्रेडिएशन यूनिट के लिए केंद्र से मांगा सहयोग

मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में खाद्य वस्तुओं की जांच के लिए फूड टेस्टिंग लैब तथा खाद्य उत्पादों को सुरक्षित रखने के लिए फूड इर्रेडिएशन यूनिट स्थापित की जानी है, जिनके लिए राज्य केंद्र से सहयोग चाहता है। धान तथा फल-सब्जी आधारित उद्योगों में बड़े निवेशकों की भागीदारी बढ़ने से किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को व्यापक गति मिलेगी। साय ने जानकारी दी कि राज्य की नई औद्योगिक नीति में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को विशेष महत्व दिया गया है और निवेशकों को अनेक अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत ड्रूल्स कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ में 1,000 करोड़ का निवेश किया जा रहा है।


## सीजेआई के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ली शपथ, ऐसा रहा पहला दिन

# मौखिक उल्लेख से इंकार, 17 मामलों की सुनवाई

नई दिल्ली,

भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में पहले दिन न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार को एक नया प्रक्रियात्मक मानदंड स्थापित किया कि तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए मामलों का उल्लेख लिखित रूप में किया जाना चाहिए, और मृत्युदंड और व्यक्तिगत स्वतंत्रता जैसे मामलों में "असाधारण परिस्थितियों" में मौखिक अनुरोधों पर विचार किया जाएगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने प्रधान न्यायाधीश के रूप में अपने पहले दिन लगभग दो घंटे तक 17 मामलों की सुनवाई की। राष्ट्रपति भवन में ईश्वर के नाम पर हिंदी में शपथ लेने के तुरंत बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 53वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। पूर्वाह्न में प्रधान ▶▶|शेष पेज 5 पर

**एनआईए को जारी किया नोटिस:** एक अन्य मामले में, मणिपुर में कथित न्यायेतर हत्याओं के पीड़ितों के परिवारों ने अदालत की निगरानी में जांच की मांग की। उनके वकील ने दलील दी कि परिवारों को कम से कम यह जानने का हक है कि हुआ क्या था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि जांच पहले से ही चल रही है और उन्होंने "एनआईए द्वारा जांच की स्थिति जानने के सीमित उद्देश्य से" नोटिस जारी किया।



### कनिष्ठ वकील को किया प्रोत्साहित

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एक वरिष्ठ अधिवक्ता की ओर से स्थगन की मांग कर रहे एक कनिष्ठ वकील को भी प्रोत्साहित करने का प्रयास किया। उन्होंने, इस अवसर का लाभ उठाइए, आपको बहस करनी चाहिए... अगर आप बहस करेंगे, तो हम थोड़ी छूट दे सकते हैं। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में यह टिप्पणी की, जिससे इस मामले के खारिज होने की संभावना का संकेत मिला। हालांकि, कनिष्ठ वकील ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि उसे बहस करने के लिए कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

### 53वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ,15 माह देंगे सेवाएं

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार को भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को शपथ दिलाई और उन्होंने हिंदी में शपथ ली। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को न्यायमूर्ति बी आर गवई के स्थान पर न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर नियुक्त किया गया है। न्यायमूर्ति गवई रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को 30 अक्टूबर को अगला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया था और वह लगभग 15 महीने तक इस पद पर रहेंगे। वह नौ फरवरी 2027 को 65 वर्ष की उम्र होने पर यह पद छोड़ देंगे। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेता इस समारोह में शामिल हुए।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRADEEP AGRAWAL, resident of Ambikapur, District–Surguja, Chhattisgarh, have changed my old name PRADEEP AGRAWAL.Henceforth, I should be recognized by my new name PRADEEP KUMAR AGRAWAL in all Government and other documents.PRADEEP KUMAR AGRAWALAmbikapurDistrict–Surguja (C.G.)

## वार्ता का मुख्य उद्देश्य सीमा शुल्क की प्रक्रियाओं को आसान बनाना

# भारत-इजराइल के बीच एफटीए वार्ता फिर शुरू हुई, जीटीआरआई ने कहा- व्यापार नहीं, दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी है मुख्य लाभ

जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार भारत-इजराइल के बीच चल रहे एफटीए वार्ता का मुख्य फोकस रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करना होगा। दोनों देशों के बाजार छोटे हैं और उनकी मांग भी सीमित है। इसलिए अगर एफटीए पूरा हो भी जाता है, तो सामानों के व्यापार में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है।

एजेंसी ▶▶|नई दिल्ली

भारत-इजराइल के बीच चल रहे एफटीए वार्ता का सबसे बड़ा फायदा माल-व्यापार को नहीं, बल्कि दोनों देशों के रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करने में होगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपने रिपोर्ट में यह दावा किया है।

- माल और सेवाओं के व्यापार में बाजार पहुंच
- शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को हटाना
- निवेश प्रक्रिया में सुगमता



फाइल फोटो

### दोनों देशों के बाजार में है सीमित मांग

जीटीआरआई के मुताबिक, दोनों देशों के बाजार छोटे हैं और उनकी मांग भी सीमित है। इसलिए अगर एफटीए पूरा हो भी जाता है, तो सामानों के व्यापार में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। संस्था ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि दोनों देशों के लिए यह समझौता असल में रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का मौका है। एफटीए के बाद भी सामानों के व्यापार में तेज बढ़ोतरी होना मुश्किल है। इजराइल, एक उच्च आय और प्रौद्योगिकी-संचालित अर्थव्यवस्था है। इसकी जनसंख्या 10 मिलियन से भी कम है। यह देश भारत के कपड़ा, ऑटोमोबाइल और सामान्य इंजीनियरिंग वस्तुओं जैसे बड़े पैमाने पर निर्यात के लिए सीमित संभावनाएं प्रदान करता है। जीटीआरआई का कहना है कि कृषि, जेनेरिक दवाइयां, इस्पात और रसायन जैसे क्षेत्रों में भारत प्रतिस्पर्धी है, लेकिन इजराइल या तो आत्मनिर्भर है, सख्त गुणवत्ता और पादप स्वच्छता मानकों का पालन करता है।

### भारत-इजराइल के आर्थिक संबंधों को गहरे करने के नए प्रयास

भारत ने इजराइल के साथ आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए एक नए प्रयास की शुरुआत की है। इसके तहत उसने लंबे समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को पुनर्जीवित किया है। यह वार्ता पहली बार शुरू होने के एक दशक से भी अधिक समय बाद हुई है। नई दिल्ली और यरुशलम ने 2010 में एफटीए पर चर्चा शुरू की, 2012-13 तक कई दौर की बातचीत की, और फिर 2014 के बाद संवेदनशील उत्पादों के लिए टैरिफ, मानकों और बाजार पहुंच पर मतभेदों के बीच इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया। 2024-25 में कई उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान के बाद, दोनों सरकारों ने अब बातचीत फिर से शुरू करने के लिए नए संदर्भ-बिंदुओं को अंतिम रूप दिया है।

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज(छ.ग.)**
**रा०प्र०क०.ब-121/2025-26**
**ग्राम-बासेन**
**तहसील राजपुर**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम बासेन को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. गौसुद्दीन आ० मो. अरफुद्दीन जाति मोमिन निवासी ग्राम बासेन थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) के द्वारा अपनी मो. गौसुद्दीन आ० मो. अरफुद्दीन का जन्म दिनाँक 01.01.1981 का जन्म प्रमाण पत्र हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र पेश किया है किन्तु जन्म पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। अतः आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी व्यक्ति अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 29/11/2025 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होनें वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कायार्पालिक दण्डाधिकारी राजपुर
जिला-बलरासपुर रामानुजनांज (छ०ग०)

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज(छ.ग.)**
**रा०प्र०क........ब-121/2025-26**
**ग्राम-बासेन**
**तहसील राजपुर**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम बासेन को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो . समसुद्दीन आ० मो. हरफुद्दीन जाति मुसलमान निवासी ग्राम बासेन थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) के द्वारा अपना स्वमं का मो. समसुद्दीन आ० मो. हरफुद्दीन का जन्म दिनॉक 05.03.1971 का' जन्म प्रमाण पत्र हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र पेश किया है।किन्तु जन्म पंजीयन कार्यालय में नियत समय मैं अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है।जो न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।अतः आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी व्यक्ति अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि .../../ 2025 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक /.../ 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कायार्पालिक दण्डाधिकारी राजपुर
जिला-बलरासपुर रामानुजनांज (छ०ग०)

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज(छ.ग.)**
**रा०प्र०क०......ब-121/2024-25**
**शासन प्रति नौशाबा ग्राम- बासेन**
**तहसील राजपुर**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम बासेन को सूचित किया जाता है कि आवेदक नौशाबा परवीन आ० मो. समशुद्दीन जाति मुसलमान निवासी ग्राम बासेन थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग० )के द्वारा अपना स्वंम नौशाबा परवीन- आ०-मो. समशुद्दीन का जन्म-दिनाँक 06:05:1993 का जन्म प्रमाण पत्र हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र पेश किया है। किन्तु जन्म पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है।जो न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।अतः आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी व्यक्ति अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 29/11/2025 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कायार्पालिक दण्डाधिकारी राजपुर
जिला-बलरासपुर रामानुजनांज (छ०ग०)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ०ग०)**
**-:ईश्तहार:-**
रा०प्र०क्र०..../अ-2/2025-26

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत बंजा..../नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद जिला सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि श्री रामचन्द जायसवाल पिता श्री निहोरा प्रसाद जायसवाल निवासी बंजा के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं० 471/2 ..रकबा 0.06 हे. जो ग्राम बंजा प.ह.नं. 10 रा०नि०मं० शिवप्रसादनगर तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर में स्थित है, के व्यवसायिक भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका निगम क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 08/12/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुद्रा से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

## उत्तरी कश्मीर में फूड पाइजनिंग मामला

# एक ही परिवार के 12 लोग अस्पताल में भर्ती, उपचार से सबकी हालत स्थिर

एजेंसी ▶▶|श्रीनगर

उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा के नौगाम इलाके के एक परिवार के 12 सदस्यों को रात में बेहोश होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गुलाम मोम्मद भट नामक एक व्यक्ति के परिवारवालों (परिवार में भट सहित 12 सदस्य हैं) की रात का खाना खाने के बाद फौरन तबीयत बिगड़ गई।

बताया जाता है कि उन्होंने रात के खाने के लिए जंगल से लाई एक सब्जी पकाई थी जिसे खाने के तुरंत बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने किसी तरह अपने पड़ोसियों को सूचित किया। पड़ोसियों ने उनके अन्य परिजनों को जानकारी दी और



अस्पताल में भर्ती परिवार के सदस्य

साथ ही उन्हें फौरन एनटीपीएचसी पहुंचाया गया।

जहां उनकी प्राथमित स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें उन्नत उपचार के लिए जीएमसी हंदवाड़ा शिफ्ट किया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। इधर चिकत्सा अधिकारियों का कहना है कि इसकी वजह फूड पाइजनिंग है। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि सभी 12 सदस्यों की हालत स्थिर है और उन्हें आवश्यक उपचार मिल रहा है।

## गुरु तेग बहादुर की शहादत की 350वीं वर्षगांठ मनाई



अमृतसर। सोमवार को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में 9वें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर की शहादत की 350वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन जुलूस में भाग लेते हुए।

## व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले

# भारत के शुक्रगुजार हैं... तालिबानी मंत्री ने की तारीफ, बोले- रिश्ते मजबूत करेंगे

## पाकिस्तान को लगा बड़ा झटका

एजेंसी ▶▶|काबुल

अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात के इंडस्ट्री और कॉमर्स मिनिस्टर नूरुद्दीन अजीजी ने भारत का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने यह बात अपने भारत दौरे को आसान बनाने, अफगानिस्तान के विकास में सहयोग करने और आपसी व्यापार को बढ़ाने पर सहमति के लिए कही है। दरअसल, तालिबान सरकार में इंडस्ट्री और व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने अपने दौरे के अंतिम दिन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भारत की यात्रा को सफल बताया।



जयशंकर और नूरुद्दीन अजीजी

### यात्रा का मकसद द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करना

प्रेस कॉन्फ्रेंस में नूरुद्दीन अजीजी ने कहा कि उनकी यात्रा का मकसद द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करना और ट्रेड, इन्वेस्टमेंट और दूसरे सेक्टर्स में पुराने रिश्तों को फिर से जिंदा करना है।

पाकिस्तान कभी तालिबान को अपना दोस्त और भारत के दुश्मन के तौर पर देखता था। जब अगस्त 2021 में तलिबान ने काबुल पर कब्जा किया, तब भी पाकिस्तान ने इसे अपनी जीत के तौर पर देखा। पाकिस्तानी सेना, राजनेता और सामरिक विशेषज्ञों ने इस पर खुशी जताई। लेकिन, बीतते समय के साथ पाकिस्तान और तालिबान के संबंध खराब होते चले गए। वहीं, इसके ठीक उलट भारत के साथ तालिबान के संबंध मजबूत हुए। आज तालिबान लगातार भारत के साथ संपर्क बढ़ा रहा है। वहीं, तालिबान की पाकिस्तान के साथ सीमा पर सैन्य झड़पें हो रही हैं।

# नेशनल हाईवे पर सात से आठ किलोमीटर तक लगा लंबा जाम

उन्नाव।लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह से भीषण जाम लगा हुआ है।कोतवाली क्षेत्र से दही थाना क्षेत्र तक करीब 7 से 8 किलोमीटर लंबा जाम होने से दोनों दिशाओं- कानपुर से लखनऊ और लखनऊ से कानपुर जाने वाली लेन- पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई है। सुबह ऑफिस जाने वाले और स्कूल-कॉलेज की बसों में सवार लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे पर यातायात पूरी तरह रेंगता हुआ नजर आ रहा है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिला यात्रियों को विशेष दिक्कत झेलनी पड़ रही है।कई वाहन चालक घंटों से अपनी ही लेन में फंसे हुए हैं।यात्रियों को पानी और अन्य जरूरी सामान खत्म होने की समस्या का सामना करना पड़ा।जिन लोगों को सुबह किसी जरूरी काम या अपॉइंटमेंट के लिए जाना था, वे समय पर नहीं पहुंच पाए।



# धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

## लाइफ Style

# साई

## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

एजेंसी ▸▸ मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।



## हॉलीवुड मसाला



# टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।




# आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्त क्राइम-थ्रिलर सीरीज है, जिसको जो पेनहाल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर' जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।



# नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



# एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।

## टीवी मसाला



# शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

## विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के साथ खाना बनाते नजर आए। पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।



# स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास 'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।



# रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



### रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।


**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

## कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

# खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*

### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका



फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।

### आर माधवन- वनराज



फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।

### बॉबी देओल- अबरार अहमद



साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।

### संजय दत्त- कांचा



साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।

### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।



# जिले में संचालित 32 निजी स्कूलों को बंद करने की जा रही कार्रवाई

## 0 हंस वाहिनी विद्या मंदिर के केजी-2 में पढ़ने वाले छात्र के साथ हुई घटना पर प्रशासन सख्त 0 2 दिन में जवाब देने विद्यालय को नोटिस

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के नारायणपुर स्थित निजी विद्यालय हंस वाहिनी विद्या मंदिर मे सोमवार को एक मासूम बच्चे को पेड़ में लटकाकर पिटाई करने का मामला सामने आया था। 24 नवंबर को केजी-2 में पढ़ने वाले छात्र के साथ हुई घटना में संस्था की शिक्षिका के द्वारा छात्र के गृह कार्य न करने पर विद्यालय परिसर में यह अनुचित कृत्य किया गया। कलेक्टर के निर्देश के अनुपालन में इस मामलें को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग द्वारा कड़े कदम उठाये गये है। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा घटना दिवस पर ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामानुजनगर से इस संदर्भ में जांच कर प्रतिवेदन मंगाया गया। जिस पर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करतें हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय प्रबंधक को प्रताड़ित




छात्र के संबंध मे नोटिस दिया गया है। संबंधित शिक्षिका को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया, जो कि संतोषजनक ना होने पर शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है। इसके साथ ही विद्यालय कच्चे आवासीय मकान में संचालित है। विद्यालय कक्षा-08 वीं तक संचालित है एवं विद्यालय में विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 146 है। विद्यालय को शिक्षा विभाग द्वारा सशर्त अस्थायी मान्यता प्रदान की गई थी। इस संबंध मे भी विद्यालय से जवाब मांगा गया है। इसके साथ ही स्कूल संचालक नियम अंतर्गत नियम 6.2 में स्पष्ट उल्लेखित है कि किसी भी बच्चे को शारीरिक दंड या मानसिक प्रताड़ना नहीं दी जायेगी। इसके साथ ही नियम 6.9 के तहत विद्यालय कानूनी खंड 19 में वर्णित विद्यालय मे उपलब्ध सुविधाओं के अनुपात मे छात्रों को प्रवेश देने के निर्देश हैं। ऐसे मे विद्यालय का संचालन नियमों के अभाव मे किया जाना प्रतीत होता है और विद्यालय द्वारा तय मानक का पालन ना किया जाना प्रतीत होता है।

इस संबंध में विद्यालय को कारण बताओं नोटिस देकर दो दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा यदि संतोषजनक नही पाया जाता है तो, विद्यालय प्रबंधन के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा बताया गया कि जिले में संचालित समस्त निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबंधक की बैठक ली गई। बैठक में उक्त विषय की पुनरावृत्ति न हो इस संबंध में सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही इसी तारतम्य मे समस्त विकास खंड शिक्षा अधिकारियों से जिले में संचालित निजी स्कूलों द्वारा विद्यालय संचालन नियमो का पालन किया जा रहा या नही, इस पर प्रतिवेदन प्राप्त किया गया है। जिसके आधार पर जिले मे वर्ष 2025-26 में संचालित 32 निजी स्कूलों को बंद करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही हैं।

# धान उपार्जन केंद्रो का राजस्व एवं सम्बंधित अधिकारी करें नियमित निरीक्षण : जयवर्धन

## समय सीमा की बैठक में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यलयीन फाईल बढ़ाने के निर्देश

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मंगलवार की कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन्न विभागो के कार्यो की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। धान खरीदी से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं बारदाना उपलब्धता, तौल-कांटा व्यवस्था, परिवहन सुविधा, गोदाम क्षमता, सुरक्षा प्रबंधन, आईटी-सुविधाएँ, किसानों हेतु पेयजल एवं प्रतीक्षालय आदि व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रो के नियमित निरीक्षण के निर्देश राजस्व अमले एवं संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से ही फाईले आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होने सभी उपस्थितजनों को ई-ऑफिस के कार्यप्रणाली में आने वाली



तकनिकी त्रूटियों को देखते हुए कार्य संपादित करने की बात कही। बैठक में बंद हो चुके शासकीय योजनाओं के बैंक खातों के संबंध में जानकारी ली गई। यदि किसी विभाग द्वारा इस संबंध में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की गई है तो उन्हे शीघ्र खतों को बंद कराकर बचत राशि शासन की राशि में जमा कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में पीएम आवास की प्रगति और पीएम सूर्यघर की अद्यतन स्थिति को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, सभी एसडीएम, सीएमओ, जनपद सीईओ व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्टता पर जिले के 10 बीएलओ सम्मानित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा शत-प्रतिशत गणना पत्रक वितरण एवं ऑनलाइन एंट्री सफलतापूर्वक



पूर्ण की गई। उत्कृष्ट कार्य एवं जिम्मेदारीपूर्ण निर्वहन के लिए मंगलवार को कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए बीएलओ ने मतदान केंद्रों पर शत प्रतिशत गणना पत्रक वितरण एवं ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित की गई। भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ओड़गी तहसील क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 40 जेल्हा, क्रमांक 53 बाकी, क्रमांक 66 सौहार, क्रमांक 67 पुतकी, क्रमांक 70 जाज, भैयाथान तहसील क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 104 जमड़ी 2 रजनी, क्रमांक 107 खैरी-1, क्रमांक 147 कुर्रीडीह-2, एवं भटगांव तहसील क्षेत्र क्रमांक 209 बतरा-1,बिहारपुर तहसील क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 41 बसनरा के बूथ लेवल अधिकारी द्वारा शत प्रतिशत रूप में गणना पत्रक का वितरण एवं शत प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री की गई।

सम्मानित किए गए बीएलओ में रामप्रसाद चेरवा, ब्रिजेश कुमार यादव, शिव कुमार सिंह, सुशील कुमार, कमलेश्वर खाखा सिह, डिगम्बर पैकरा, रानी यादव, संगीता कुशवाहा एव मीना राजवाड़े शामिल हैं।

# प्रशासन की छपेमार कार्रवाई में 3 दुकानों से जप्त किया गया 390 क्विंटल अवैध धान

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में धान के अवैध भंडारण और कोचियों पर नकेल कसने के लिए



प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में राजस्व विभाग की टीम ने दूरती और खड़गवां कला में दबिश देकर तीन अलग-अलग प्रतिष्ठानों से कुल 975 बोरी 390 क्विंटल अवैध धान जप्त किया है। कार्रवाई के दौरान दूरती स्थित विकास किराना स्टोर से 700 बोरियों में भरा 280 क्विंटल धान जप्त किया गया जिसके संचालक विकास गुप्ता है और राहुल किराना स्टोर संचालक राजकुमार गुप्ता से भी 110 बोरी 44 क्विंटल धान जप्त किया गया। इसके अलावा खड़गवां कला में भुनेश्वर आटा चक्की संचालक भुनेश्वर चक्रधारी से टीम ने 165 बोरी 66 क्विंटल धान जप्त किया। प्रशासन ने सभी संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर लिया है। सभी के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

# *हेण्डपम्प खराब, नल से भी नहीं निकल रहा जल, ठंड में पानी को तरस रहे खालपारा के ग्रामीण*

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिहारपुर।** सूरजपुर जिले के दुरस्त अंचल चांदनी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खालबहरा में दो महीने से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा के द्वारा खोदवाये गए हैण्ड पंप के पानी का ग्रामीणों के द्वारा उपयोग किया जा रहा था जिसमें ग्रामीण खुश थे।जिसमें नल जल के ठेकेदार के द्वारा समर्सिबल पंप लगाकर




पानी टंकी नल जल योजना में सप्लाई किया गया। एक माह तक ठीक से उपयोग किया गया जो बाद में अंदर धंस गया न तो पंप चल रहा समर्लिर्बल न तो निकालने के बाद हेण्डपम्प का पाईप डालने पर वह भी जाम हो गया ऊपर से मिट्टी गिर गया है ग्रामीणो में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने कलेक्टर सुरजपुर से शीघ्र सुधार की मांग की है। सरपंच ग्राम पंचायत खालबहरा कौशिल्या सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया ग्राम पंचायत खालबहरा के ग्रामीण पानी को लेकर बहुत परेशानी हैं टंकी का संचालन भी बंद है और हेण्डपम्प भी बंद हो गया जल्द पानी की व्यवस्था किया जाना जनहित में आवश्यक है।

# विशेष व्यवस्था हेतु किसानों को धान खरीदी के लिए जारी किए जा रहे हैं टोकन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** धान उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित करने के लिए राज्य शासन द्वारा धान खरीदी 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। लगभग 50 कार्य दिवसों में खरीदी कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों की सुविधा के लिए पूर्व की भांति इस वर्ष भी टोकन जारी कर धान खरीदी की जा रही है। राज्य शासन के निर्देशों के अनुसार किसानों की भूमि धारिता के आधार पर टोकन जारी किए जा रहे हैं। 2 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को अधिकतम - 1 टोकन, 2 से 10 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को अधिकतम - 2 टोकन और 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को अधिकतम - 3 टोकन जारी किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है



कि किसान टोकन उपार्जन केंद्र से सीधे प्राप्त कर सकते हैं अथवा टोकन तुहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं भी टोकन ले सकते हैं। यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर में उपलब्ध है। इसके अलावा धान खरीदी से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव खाद्य विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-233-3663 पर दर्ज कराए जा सकते हैं।

इसके साथ ही जिले में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तथा कॉल सेंटर का गठन किया गया है, जो धान की रीसाइक्लिंग पर रोक,कोचियों, बिचौलियों की गतिविधियों की निगरानी और धान के उठाव एवं परिवहन की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर रहा है। जिले का कॉल सेंटर नंबर 07775-266116 जारी किया गया है। प्रशासन ने अपील की है कि उपार्जन केंद्र में धान लाते समय किसानकृधान को अच्छी तरह सुखाकर लाएं, जिसमें नमी 17: से अधिक न हो, धान साफ-सुथरा एवं अशुद्धियों से मुक्त हो। साथ में टोकन, ऋण पुस्तिका एवं आधार कार्ड अवश्य रखें।

जिला प्रशासन ने किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित निर्देशों का पालन करते हुए समय पर धान विक्रय करें, जिससे खरीदी कार्य सुचारू एवं बिना बाधा के पूर्ण किया जा सके।

# स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल जानने अचानक रात में जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर

## विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर मरीजो से जाना उनका हालचाल





**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहां के जिला अस्पताल का हाल जानने सोमवार की रात कलेक्टर एस. जयवर्धन प्रशासनिक अमले के साथ पहुंचे और अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा। कलेक्टर द्वारा भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली गई। साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के रेग्युलर मॉनीटरिंग हेतु मौके पर उपस्थित एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने क्रमवार अलग अलग कक्ष का निरीक्षण किया और वार्डों में भर्ती मरीजों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर द्वारा लगभग एक घंटे तक जिला अस्पताल के वार्डों में भ्रमण कर मरीजों से चर्चा किया गया। जिसमें सही उपचार और समय में दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं कि नहीं इसकी जानकारी मरीजों से ली गई। इसके साथ ही कलेक्टर एस जयवर्धन ने जनपद कार्यालय सूरजपुर चल रहे एसआईआर के तहत चल रहे डिजिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य प्रगति की समीक्षा की तथा समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटेल व संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा उपस्थित थे।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बलरामपुर**
**जिला-बलरामपुर रामानुजगंज ( छ.ग. )**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**( प्रथम आमंत्रण )**

निविदा सूचना क्रमांक 04/म.ले.लि./2025-20 दिनांक 21.11.2025 निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 12.12.2025 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 180153 | खर्रा नाला स्टाप डेम योजना का निर्माण कार्य। | रु. 273.20 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 28.11.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग बलरामपुर**
**बलरामपुर-रामानुजगंज ( छ.ग. )**
**कृते- मुख्य अभियंता**
**हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग**
**अम्बिकापुर, सरगुजा ( छ.ग. )**

**जी-252604981/3**


# माँ गढ़वतिया देवी धाम महुली में अधूरा पड़ा सोलर हाईमास्ट लाइट का कार्य, श्रद्धालुओं की बढ़ रही चिंता

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिहारपुर।** सूरजपुर जिले के ओड़गी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत महुली स्थित माँ गढ़वतिया देवी धाम में अधूरे विकास कार्यों को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। ऊँचे पहाड़ पर गुफा रूप में स्थित यह पवित्र धाम सिर्फ सूरजपुर ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ के हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। दोनों नवरात्रियों में यहाँ विशाल मेला लगता है और श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। क्रेडा विभाग द्वारा माँ धाम परिसर में दो सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने की स्वीकृति दी गई थी। इनमें से एक लाइट धर्मशाला के पास लगभग आठ महीने पहले लगा दी गई,





लेकिन दूसरी हाई मास्ट लाइट जो कि धाम के ऊपरी हिस्से में लगनी थी, उसका कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। ठेकेदार द्वारा बड़ा गड्ढा खोदकर छोड़ देने से श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। धाम क्षेत्र में जगह कम होने से किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।ग्रामीणों ने बताया कि इस अधूरे कार्य की सूचना विभाग को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ठेकेदार द्वारा कार्य पूरा न करने से विकास कार्य अटका हुआ है। वहीं, ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि किए गए कार्य की मजदूरी का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत सरपंच करौटी ए. गजमोचन सिंह सहित ग्रामीण लक्ष्मण जायसवाल, सुन्दरलाल साहू, सुरेश गुप्ता, शिशुपाल जायसवाल, श्यामसुंदर साहू और लालचंद साहू ने संयुक्त रूप से जिला प्रशासन से माँ गढ़वतिया धाम पर सोलर हाई मास्ट लाइट का अधूरा कार्य तत्काल पूर्ण कराने का आग्रह किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग सामग्री उपलब्ध करा दे, तो वे जनसहयोग से यह कार्य स्वयं पूरा करने को तैयार हैं, ताकि नवरात्रि सहित अन्य भीड़-भाड़ वाले समय में श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो और दुर्घटना की आशंका समाप्त हो सके। माँ गढ़वतिया देवी धाम क्षेत्र की यह समस्या प्रशासनिक उदासीनता का परिचायक बनती जा रही है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन शीघ्र हस्तक्षेप कर अधूरा पड़ा यह महत्वपूर्ण कार्य पूरा करवाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और बेहतर सुविधा मिल सके।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088



सरगुजा फ्रंटलाइन

# एनसीईआरटी की किताबों से अधिक न हो पुस्तकों की कीमत, फीस नहीं दे पाने की स्थिति में टीसी नहीं रोकें

## जिले के अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक में कलेक्टर ने दी हिदायत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिले के सर्व अशासकीय विद्यालय के प्राचार्यों की बैठक कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, सभी बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी तथा स्वास्थ्य एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सरगुजा जिले में लगभग 80 हजार विद्यार्थी निजी विद्यालयों में अध्ययनरत हैं। कलेक्टर ने द्वारा विद्यालय प्रबंधनों को विद्यालय सुरक्षा, परिवहन व्यवस्था, शिक्षण-अध्यापन एवं प्रशासनिक कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने वाहन चालकों के पुलिस सत्यापन, शराब सेवन की स्थिति में वाहन संचालन पर प्रतिबंध, विद्यालय वाहनों की फिटनेस जांच तथा विद्यालय परिसर के आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की उपस्थिति की सूचना प्रशासन को देने संबंधी निर्देश दिए। बच्चों को टूर पर ले जाते समय वाहन व चालक की अनिवार्य जांच करने के भी निर्देश दिए गए। शिक्षण कार्य से संबंधित निर्देशों में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में एनसीईआरटी पुस्तकों का ही उपयोग किया जाए। आवश्यक हो तो अन्य पुस्तकों की कीमत एनसीईआरटी पुस्तक से अधिक नहीं होनी चाहिए। वार्षिकोत्सव या अन्य कार्यक्रमों में विद्यार्थियों पर ड्रेस कोड का अनावश्यक दबाव नहीं डालने तथा बच्चों को गुड टच-बैड टच की जानकारी देने पर भी जोर दिया गया। फीस नहीं दे पाने की स्थिति में विद्यार्थियों का टी.सी. नहीं रोकने तथा आवश्यक होने पर नियमानुसार फीस माफी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन की जानकारी दी गई। डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा नशामुक्ति एवं विद्यालय परिसर से 200 गज की सीमा में नशे की वस्तुओं की बिक्री पर रोक संबंधी जानकारी प्रदान की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 के अनुसार सभी संस्थानों में समिति गठन करने के निर्देश दिए गए। समाजसेवी एवं पालक प्रतिनिधि शिल्पा पाण्डेय द्वारा बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य एवं काउंसलिंग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। एल.पी. गुप्ता, प्राचार्य द्वारा निजी विद्यालय मान्यता, आरटीई एवं परिणाम सुधार से संबंधित आवश्यक बिंदु रखे गए। आरएमएसए से जिला मिशन समन्वयक द्वारा अपार आईडी संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए, जिला शिक्षा अधिकारी ने 3 दिवस में इस कार्य को पूर्ण करने कहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा गुणवत्ता सुधारने, पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने, परीक्षा पूर्व तैयारी एवं मॉडल, अनसॉल्व्ड पेपर हल कराने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी प्राचार्यों से जिले का परीक्षाफल प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ लाने हेतु समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक के समापन में सहायक संचालक रविशंकर तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया।

# शहरवासियों को जाम से मुक्ति दिलाने पार्किंग स्थलों का हुआ निर्धारण

## प्रमुख व्यवसायिक मार्गों में चापहिया व रिंग रोड में भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर पुलिस करेगी व्हील लॉक और चालान

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को जनसुविधा अनुरूप करने एवं मुख्य व्यवसायिक मार्गों पर चारपाहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग रोकने की पहल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशानिर्देशन में की जा रही है। प्रमुख भीतरी मार्गों मे अवैध पार्किंग से शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होने को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने आम नागरिकों से अपने वाहनों की पार्किंग नगर निगम द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थल एवं अन्य निकटतम प्राइवेट पार्किंग स्थल में ही करने का आग्रह किया है। फुटपाथ पर चार पाहिया वाहन नहीं खड़ा करने की अपील की गई है। इसके पश्चात भी अवैध पार्किंग पाए जाने पर संबंधित वाहनों को लॉक करके चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में रिंग रोड पर भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर भी सख्ती से चालानी कार्रवाई करने आगाह कराया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल ने शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने मुख्य व्यवसायिक मार्गों पर चार पाहिया वाहनों को बेतरतीब पार्किंग रोकने एवं रिंग रोड में भारी वाहनों के अवैध पार्किंग रोकने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा शहर के भीतरी प्रमुख मार्गों में चार पाहिया वाहनों की अवैध पार्किंग कर सड़क जाम करने वाले वाहन चालकों को अपील के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसके पश्चात भी यातायात नियमो की अवहेलना कर अवैध पार्किंग पाए जाने पर पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। अवैध रूप से पार्किंग पाए जाने पर पुलिस व्हील लॉक करने की कार्रवाई करेगी। आम दुकानदारों एवं व्यापारियों से भी अपील की जा रही है, कि अपने ग्राहकों को नगर निगम द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थल एवं अन्य निकटतम पार्किंग स्थल पर अपने वाहनों को व्यवस्थित ढंग से पार्किंग करने के लिए प्रोत्साहित करें। आम नागरिकों से भी शहर की यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में सरगुजा पुलिस का सहयोग करने आग्रह किया गया है। रिंग रोड के आस-पास गाड़ी बनाने वाले दुकानदारों के द्वारा भी दुकान में बनने के लिए आए वाहनों को रिंग रोड से नीचे खड़ा करके सुधार कार्य किया जाता है। सुधार पश्चात ट्रकों को ट्रांसपोर्टनगर एवं बसों को बस स्टैंड में ही खड़ा करने कहा गया है, अन्यथा पुलिस टीम चालानी कार्रवाई करेगी।

### नपानि द्वारा निर्धारित एवं अन्य निकटतम पार्किंग स्थल

अम्बेडकर चौक के पास पीजी कॉलेज, सर्कस मैदान, बीटीआई मैदान, पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान, गांधी चौक के पास गांधी स्टेडियम, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कलाकेंद्र मैदान, आकाशवाणी चौक के पास नवापारा चर्च मैदान, गांधी स्टेडियम, देव होटल के पास देवीगंज रोड में निशांत मेडिकल चित्रमंदिर, गुदरी बाजार/संगम चौक के पास केंद्रीय सहकारी बैंक के सामने, थाना चौक के पास मल्टीपरपज स्कूल, नगर निगम स्कूल, जयस्तम्भ/कादम्बि चौक के पास बरेज पारा, ब्रम्ह मंदिर/अग्रसेन चौक के पास पुराना बस स्टैंड, अस्तबल, ट्रकों के लिए ट्रांसपोर्ट नगर व बसों के लिए बस स्टैंड पार्किंग स्थल नियत किया गया है।

## कृषि मंत्री ने पोर्टल में फसल के रकबे का पंजीयन कराने किसानों से की अपील





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिसूचित फसलें अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन एवं रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु अधिसूचित फसलें चना, मसूर एवं सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्राथमिक सहकारी समिति के माध्यम से उपार्जन किया जा रहा है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने प्रदेश के किसानों से एकीकृत किसान पोर्टल में अपने फसल रकबे का पंजीयन कराने की अपील की है। खरीफ फसलों की उपार्जन अवधि 01 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 एवं अरहर फसल हेतु 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 है। रवी फसल सरसों हेतु उपार्जन अवधि 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 एवं चना, मसूर फसल हेतु उपार्जन अवधि 01 मार्च 2026 से 30 मई 2026 है। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि खरीफ फसल उत्पाद के विक्रय हेतु अपने नजदीकी सहकारी समितियों में जाकर एकीकृत किसान पोर्टल में फसल के रकबे का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं। अधिक जानकारी हेतु कृषि विभाग के मैदानी अमले एवं जिले के उप संचालक कृषि से संपर्क करने कहा गया है।

# ट्रक को ओवरटेक किया कार सवार, इधर बाइकों की हो गई टक्कर, 3 को स्थिति गंभीर

## दुर्घटनाग्रस्त मोटरसायकलों का बैटरी सहित अन्य पार्ट्स हो गया चोरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन उदयपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दावा पुलिया के पास डिवाइडर से मोटरसायकल सवारों की टक्कर हो गई, जिसमें तीन गंभीर रूप से घायल हो गए, एक को मामूली चोटें आई है। क्षेत्रीय अस्पताल से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रिफर करने पर इन्हें चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रिफर कर दिया। वहीं हादसे के बाद मौके पर पड़ी दुर्घटनाग्रस्त मोटरसायकलों का बैटरी सहित अन्य सामान अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। जानकारी के मुताबिक लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पोतका निवासी पत्रकार ओम नारायण चौधरी व देवा





चौधरी, ज्योति चौधरी निवासी ग्राम कटकोना व एक अन्य दो मोटरसाइकिलों में सवार होकर गोल्डन आइलैंड, जिला कोरबा गए थे। शाम लगभग 7 बजे घर लौटते समय ग्राम दावा के पास सामने से आ रही ट्रक को उदयपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार का चालक ओवरटेक करने लगा, जिससे संभावित हादसे की स्थिति बन रही थी। इससे बचने के चक्कर में मोटरसाइकल सवारों का बैलेंस बिगड़ गया और चल रहे सड़क निर्माण कार्य के बीच डिवाइडर और गिट्टी के बीच पीछे से आ रहे साथी मोटरसाइकिल सवार से आपस में दोनों बाइक सवारों की भिड़ंत हो गई। चारों सड़क पर गिर गए, इनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे की सूचना पर डॉयल 112 वाहन के साथ टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर पहुंचाया। यहां से तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लिए रेफर किया गया है, यहां तीनों का आईसीयू में उपचार चल रहा है।

# ड्रंक एंड ड्राइव के मामले में वाहन चालक को 15 रुपये अर्थदंड




## थाना लुंड्रा पुलिस टीम ने शराब का सेवन कर बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर की कार्रवाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटनाओ को कम करने की दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना लुंड्रा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग दौरान अपाचे मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 ईएच 3294 के चालक को रोका। ब्रेथ ऐनालाइजर से चेक करने पर वह शराब के नशे में धुत्त मिला। वाहन चालक धनेश्वर सिंह पिता प्रकाश सिंह 23 वर्ष निवासी पटोरा के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। वाहन चालक के विरुद्ध धारा 185, 3/181 मोटर व्हीकल एक्ट का प्रकरण दर्ज करके न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा प्रकरण में वाहन चालक को 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी लुंड्रा उप निरीक्षक आर.एन. पटेल, सहायक उप निरीक्षक शिवचरण साहू, आरक्षक इबनुल खान, बालकेश्वर सक्रिय रहे।

# पीजी कॉलेज में मनाया गया जनजातीय गौरव समारोह



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' पर एक दिवसीय कार्यशाला व जनजातीय गौरव समारोह का आयोजन 24 नवंबर को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंजूषा भगत महापौर, नगर निगम अंबिकापुर, मुख्य वक्ता इंदर भगत प्रदेश अध्यक्ष जनजाति गौरव युवा समाज, विशिष्ट अतिथि रामलखन पैंकरा प्रदेश अध्यक्ष जनजाति गौरव समाज शामिल हुए। इस दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनजातीय व्यंजनों को स्वल्पाहार में शामिल किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

## शासन ने संघ को शासन से पत्राचार करने हेतु मान्यता आदेश जारी किया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के शक्त एवं संगठित, जुझारू संगठन शासकीय कर्मचारियों के हितों के संवर्धन के लिए निरंतर समर्पित भाव से संघर्ष करने वाले संगठन 'छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ' को छत्तीसगढ़ राज्यपाल के नाम से आदेशानुसार, अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग नया रायपुर द्वारा 21.11.2025 को आदेश जारी करके राज्य शासन से पत्राचार करने हेतु मान्यता देते हुए अनुमति प्रदान किया गया है। इसके लिए संघ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं एवं सभी जनप्रतिनिधियों तथा संगठन के मुख्य संरक्षक पी.आर. यादव सहित अन्य का आभार व्यक्त किया है।

## जिला पंचायत सदस्य ने स्कूलों का किया निरीक्षण, लगाई डॉ. अम्बेडकर की तस्वीर



**छ.ग.फ्रंटलाइन उदयपुर।** जिला पंचायत सदस्य राधा रवि, सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करके बच्चों से रूबरू हुई और शिक्षा के स्तर को जानने का प्रयास किया। उन्होंने प्रमुख रूप से स्कूलों के समय सारणी अनुसार स्कूलों के संचालन और शिक्षकों, बच्चों की उपस्थिति को परखा। उन्होंने स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षकों से बच्चों को नये समय सारणी के अनुसार अध्यापन कराने कहा, और स्कूली बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर गंभीर रहने कहा। जिला पंचायत सदस्य राधा रवि ने शासकीय प्राथमिक शाला उदयपुर झिरमिटी के धौरापारा का निरीक्षण करने के दौरान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर स्कूलों में नहीं लगाने पर नाराजगी व्यक्त की और नई तस्वीर मंगाकर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने स्कूल भवन व परिसर में स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए कहा और बच्चों के मध्यान्ह भोजन का जायजा लिया। बच्चों को नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान भाजयुमो के नवीन दास, शुभम भदौरिया, विनय साहू भी उपस्थित रहे।

# जनता की समस्याओं का समय पर प्रभावी समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

## ग्राम घाटबर्रा के ग्रामीणों से पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने की मुलाकात



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने सरगुजा जिले के उदयपुर तहसील अंतर्गत ग्राम घाटबर्रा में ग्रामीणों से आत्मीयता के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों की ओर से उठाए गए त्वरित समाधान योग्य मामलों का स्थल पर ही निराकरण किया गया, जबकि दीर्घकालिक विषयों के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में समस्या के निराकरण के निर्देश दिए गए।

मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा जनता की समस्याओं का समय पर प्रभावी समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास, बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन हमारा मुख्य उद्देश्य है। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ जनसेवा को प्राथमिकता दें। ग्रामीणों ने अपनी सभी समस्याओं से पर्यटन मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने उनकी हर बात को गंभीरतापूर्वक सुना और मौके पर ही समाधान योग्य समस्याओं का निराकरण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर समय-सीमा में उसका निराकरण सुनिश्चित करें।

**धान खरीदी केन्द्र डांडगांव का निरीक्षण**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने उदयपुर विकासखंण्ड अंतर्गत डांडगांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और केन्द्र के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम एवं त्वरित बनाएं। किसानों ने मंत्री से कहा कि प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद से हजारों किसानों को लाभ मिला है। वहीं 'टोकन तुंहर हाथ ऐप' से किसानों को घर बैठे आसानी से धान विक्रय का टोकन मिल रहा है, इससे उपार्जन केन्द्रों पर लंबी कतारों और देरी की परेशानी खत्म हो गई है। किसानों ने इस डिजिटल पहल एवं सरकार की धान खरीदी की सुदृढ़ व्यवस्था के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने प्रतिबद्ध है। नवीन तकनीकी उपायों के जरिए सुविधा को और बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे खरीदी केंद्रों पर गुणवत्ता और समयबद्ध सेवा सुनिश्चित करें।

# कलेक्टर ने एसआईआर कार्यों का निरीक्षण किया, डिजिटाइजेशन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक ने मंगलवार को जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान उन्होंने अंबिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कतकालो, दरिमा तथा मैनपाट विकासखंड के ग्राम पंचायत आमगांव एवं बिसरपानी का भ्रमण किया।



कलेक्टर ने ग्रामों में बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेकर गणना पत्रक फॉर्म के वितरण, संकलन एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण किया जाए। गांवों में मुनादी एवं जागरूकता गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में प्राप्त फॉर्मों को तहसील एवं जनपद कार्यालयों में अपलोड कराया जाए, ताकि प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। ग्राम स्तर पर चौपाल का आयोजन कर कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराई जाए और अधिक से अधिक लोगों को फॉर्म भरने हेतु प्रेरित किया जाए। डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाई जाए तथा कम प्रगति वाले क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाए। उन्होंने पटवारी, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित सभी मैदानी अमले को समन्वय पूर्वक गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीतापुर एसडीएम राम सिंह ठाकुर, संबंधित तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'मितानिन दिवस' पर मितानिन दीदियां हुई सम्मानित

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन में 'मितानिन दिवस' के मौके पर सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन करके मितानिनों को सम्मानित किया गया। इनके कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शीला नेताम ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मितानिन दीदियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सीमा तिग्गा शहरी, सुपरवाइजर अनिल पांडेय, धनेश प्रताप सिंह एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर